सूर्योदय प्रातः 5:12 | सूर्यास्त संध्या 6:19 | पखवाड़ा वैशाख कृ. त्रयोदशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 39° न्यूनतम 24°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, सोमवार, 06 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 82, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,878.15 | -732.96 (-0.98%) |
| निफ्टी | 22,475.85 | -172.35 (-0.76%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 65,850.00 |
| चांदी | 830.00 |

## एक झलक

### बांद्रा में जाली नोट छापने का पर्दाफाश

**मुंबई** : मुंबई पुलिस ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित भारत नगर इलाके में जाली नोट छापने के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शनिवार की रात छापा मार कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के पास से 100, 200, 500 रुपये के जाली नोट बरामद हुए हैं। इस मामले की गहन छानबीन मुंबई पुलिस कर रही है। मुंबई पुलिस को बीकेसी के भारत नगर इलाके में जाली नोट छापने की गुप्त सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने शनिवार को देर रात भारत नगर में छापा मारा और यहां से जाली नोट छापने में प्रयोग में आने वाले कंप्यूटर व प्रिंटर आदि बरामद किया है।

### महाराष्ट्र के बीड़ और ठाणे में ढाई करोड़ जब्त

**मुंबई** : चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने शनिवार को देर रात बीड और ठाणे जिले में ढाई करोड़ रुपये बरामद किये हैं। इन दोनों मामलों की गहन छानबीन चुनाव आयोग की टीम और स्थानीय पुलिस की टीम कर रही है। राज्य में इस समय लोकसभा चुनाव का महासंग्राम जारी है और तीसरे चरण का मतदान 07 अप्रैल को होगा। इस दौरान अवैध धन का इस्तेमाल रोकने के लिए चुनाव आयोग की सतर्कता टीम ने पुलिस की मदद से सख्त नाकाबंदी शुरू की है।

### दिल्ली में आया भूकम्प केन्द्र रहा पश्चिमी दिल्ली

**नयी दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में रविवार को दोपहर 4 बजकर 19 मिनट 14 सेकेंड पर भूकंप आया। हालांकि भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। वहीं, इसकी गहराई 5 किमी थी। भूकंप का केंद्र पश्चिमी दिल्ली था। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### रोहित वेमुला प्रकरण में न्याय सुनिश्चित करेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी रोहित वेमुला प्रकरण में न्याय सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना पुलिस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि जून 2023 में क्लोजर रिपोर्ट तैयार की गयी थी। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार आने से पहले की गयी जांच में कई कमियां थीं।

## अंदर के पन्नों पर

3 राज्य की 03 लोकसभा सीटों व गांडेय उपचुनाव...
5 पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए पदाधिकारियों...
7 लोस निर्वाचन के जागरूकता अभियान में करें सहयोग...
9 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' सोशल मीडिया हैशटैग...
10 पंजाब से लगातार 05 हार के बाद जीती चेन्नई...

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति देंगी 30 गोल्ड मेडल

एजेंसी

**धर्मशाला** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू धर्मशाला में स्थित हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के सातवें दीक्षांत समारोह में सोमवार को 30 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगी। कॉलेज के ऑडिटोरियम में राष्ट्रपति समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी मौजूद रहेंगे।

रविवार को सातवें दीक्षांत समारोह से पूर्व कालेज आडिटोरियम में रिहर्सल की गयी। केन्द्रीय विवि के कुल सचिव डॉ. सुमन शर्मा ने



बताया कि सोमवार को सीयू में सातवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

### राष्ट्रपति को चम्बा थाल व राम मंदिर की प्रतिकृति की जायेगी भेंट

**केन्द्रीय** विवि प्रशासन की ओर से समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शॉल-टोपी सहित चम्बा थाल, मेटल धातु से बना राम मंदिर की प्रतिकृति के अलावा केन्द्रीय विवि के फाइनांस विषय के शोधार्थी की बनायी गयी कांगड़ा पेंटिंग भेंट की जायेगी।

### दीक्षांत समारोह में 709 छात्रों को दी जायेंगी डिग्रियां

**राष्ट्रपति** सीयू के 30 छात्रों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित करेंगी। इन मेधावियों में 18 छात्राएं और 12 छात्र शामिल हैं। वहीं, पीएचडी के 11 छात्रों में सात छात्राएं और चार छात्र शामिल हैं। एमफिल के छह छात्र शामिल हैं। इसके अलावा 602 छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्रियां सहित कुल 709 छात्रों को डिग्रियां वितरित की जायेंगी।

धर्मशाला केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गयी हैं।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के अभी तक छह दीक्षांत समारोह हो चुके हैं। वर्ष 2013 में आयोजित पहले समारोह में धर्मगुरु दलाई लामा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। वर्ष 2014 में आयोजित दूसरे दीक्षांत समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी शामिल हुए थे। इसी तरह वर्ष 2016 में तीसरे दीक्षांत समारोह में तत्कालीन केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री स्मृति ईरानी, वर्ष 2017 के चौथे दीक्षांत समारोह में डेनमार्क विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वेद प्रकाश नन्दा, वर्ष 2019 के पांचवें दीक्षांत समारोह में हिमाचल प्रदेश के पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार शामिल हुए थे। वर्ष 2022 में आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

### विपक्षी दलों के परिवारवाद पर प्रधानमंत्री ने कसा कड़ा तंज ; कहा

# शाही परिवारों से ही सीएम पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी

**पीएम ने कहा**

- जनता ही मोदी और योगी का परिवार, आपके बच्चों के भविष्य के लिए हम जीवन खपा रहे
- सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे

एजेंसी

**नयी दिल्ली/इटावा** : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के इटावा में एक चुनावी जनसभा में विपक्षी दलों के परिवारवाद पर कड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मोदी और योगी के पास बाल-बच्चे नहीं हैं। जनता ही उनका परिवार है। मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए जीवन खपा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों, इन परिवारवादियों की विरासत क्या है? इनकी विरासत गाड़ी, बंगला और रसूख है। कोई इटावा, मैनपुरी और कन्नौज को अपनी जागीर मानता है, तो कोई अमेठी, रायबरेली को अपनी विरासत मानता है। मोदी की विरासत गरीब को मिला मकान, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज है। मोदी की विरासत आपके बच्चों के लिए बनायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बने। शाही परिवार का ही बेटा सीएम पीएम बने, चाय वाले ने यह प्रथा तोड़ दी है। जैसे राजा राम मोहन राय के बारे में कहा ● शेष पृष्ठ 11 पर



### पिछला दशक ट्रेलर था, अब नयी ऊंचाइयों पर जायेगा भारत : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दशक में हुई प्रगति केवल एक ट्रेलर है और अभी बहुत कुछ करना है। हम भारत को प्रगति की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न गुजराती समाचार पत्रों को दिये साक्षात्कार में उक्त बातें कही हैं। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े साक्षात्कार को 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा है कि गुजरात फिर से भाजपा को चुनने के लिए तैयार है। कांग्रेस की गुजरात विरोधी मानसिकता को लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि गुजरात में तीसरे चरण में मंगलवार को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी पिछले दो कार्यकाल से यहां की सभी 26 सीटें जीतती आयी है। इस बार सूरत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुका है।

### मोदी झारखंड में 12 व 16 को करेंगे जनसभा

**रांची** : राज्य की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर आयेंगे। वह 12 मई को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह आठ बजे से जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय दौरे पर तीन मई को सिंहभूम में जनसभा और राजधानी रांची में रोड शो किया था। साथ ही, चाई मई को पलामू और सिसई क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी का झारखंड से गहरा लगाव है। उन्होंने इस धरती से ही आयुष्मान भारत योजना की लॉन्चिंग की थी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जानेवाले वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं।

# जर्मनी के सहयोग से भारत में बनायी जायेंगी छह आधुनिक स्वदेशी पनडुब्बियां

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : जर्मन पनडुब्बी निर्माता कम्पनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सहयोग से भारतीय नौसेना के लिए छह अत्यधिक उन्नत पनडुब्बियों का निर्माण भारत में ही किया जायेगा। भारतीय नौसेना को 2020 से ही छह पनडुब्बियों के लिए विदेशी पार्टनर की तलाश थी। अब इन छह पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो की साझेदारी में किया जाना फाइनल हो गया है। नौसेना ने इसके लिए 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके पनडुब्बियों के निर्माण के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है।

पारम्परिक पनडुब्बी बेड़े के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रही भारतीय नौसेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ भारतीय साझेदारी में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो को निविदा जारी की है। जर्मन कम्पनी मेगा थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स टेंडर के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय के शिपयार्ड ● शेष पृष्ठ 11 पर




- भारतीय नौसेना ने 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके शुरू की प्रक्रिया
- मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो करेगा इन पनडुब्बियों का निर्माण

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे हादसे में 06 की मौत

**सवाईमाधोपुर** : सवाईमाधोपुर जिले के बौंली थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह हुए हादसे में 06 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। हादसे में दो बच्चे घायल हुए हैं। कार सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। पुलिस के अनुसार सीकर से एक परिवार कार से रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर दर्शन करने जा रहा था। इसी दौरान रविवार सुबह 08 बजे बौंली थाना क्षेत्र में बनास पुलिया के पास हादसा हो गया। कार को टक्कर किस वाहन ने मारी है, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

## पीएम मोदी ने रामलला के दर्शन किये, अयोध्या में मेगा रोड शो



एजेंसी

**अयोध्या** : राम मंदिर में पूजा करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मेगा रोड शो किया। पीएम मोदी का रोड शो राम मंदिर मेन गेट से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक पहुंचा। रोड शो के दौरान 75 जगहों पर पीएम मोदी का स्वागत किया गया। रथ पर प्रधानमंत्री के साथ सीएम योगी भी मौजूद थे। रोड शो के दौरान लोगों ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पर उनके ऊपर फूलों की बरसात की ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा झारखंड सरकार को कब मिला : चम्पाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य में घुसपैठियों के मामले में रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि झारखंड सरकार को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता है। उल्टे भाजपा आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। भाजपा ही बताये गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे



गायब हैं।

मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों ने जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गये हैं, उसका जवाब जनता देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनानेवाली एजेंसी केन्द्र सरकार के ● शेष पृष्ठ 11 पर

### दो अलग-अलग स्थानों से 16 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला** : त्रिपुरा के धलाई जिले के दो अलग-अलग स्थानों से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनके साथ तीन बच्चों को भी पकड़ा गया है। इन सभी के पास से बांग्लादेश सरकार का टिकट, कोविड टीकाकरण दस्तावेज और कुछ बांग्लादेशी मुद्रा जब्त की गयी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर धलाई जिले के गंडाचेरा थाना पुलिस ने मास कुंभिरपारा से 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। ये सभी तीन साल पहले काम की तलाश में ● शेष पृष्ठ 11 पर

## विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं भारतीय चुनाव व चुनाव आयोग के प्रयास : राजीव कुमार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के हिस्से के रूप में भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के 75 प्रतिनिधि भारत में हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को नयी दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में किया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय चुनाव और चुनाव आयोग के प्रयास विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। प्रक्रिया और क्षमता के संदर्भ में यह काफी बहुत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है। यहां चुनावी पंजीकरण और मतदान दोनों ही अनिवार्य नहीं हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रेरक के ● शेष पृष्ठ 11 पर



'लोकतंत्र के महापर्व' को देखने भारत पहुंचे हैं 23 देशों के 75 प्रतिनिधि

# अभी अमेठी छोड़ी है, वायनाड भी छोड़ेंगे राहुल गांधी : पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी

**बदायूं** : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के लिए रोड शो करने बदायूं पहुंचे। रोड शो करने से पहले मुख्यमंत्री धामी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि अमेठी कांग्रेस की परम्परागत सीट है। अमेठी से इंदिरा गांधी चुनाव हारी, राजीव गांधी चुनाव हारे, लेकिन उन्होंने कभी अमेठी की सीट नहीं छोड़ी। यह पहली बार है कि राहुल गांधी ने वहां का रण छोड़ दिया है, एक तरह से भाग गये हैं। यह देश की जनता देख रही, राहुल गांधी ने अभी अमेठी छोड़ी है। वह वायनाड भी छोड़ेंगे। अब कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं है। वह अपनी परम्परागत सीट भी छोड़ रहे हैं, उनकी जमीन अब नहीं बची है। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि गठबंधन की हार होनेवाली है। ये सारे हथकंडे अपनाते हैं। कभी कहते हैं भाजपा वाले आरक्षण खत्म कर देंगे, कभी कहते हैं संविधान खत्म करनेवाले हैं। इनको पता है चार जून को जब परिणाम निकलेगा, तो मोदी जी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

श्री धामी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश



बनाने का काम किया है। जनता उसे भली-भांति देख रही है। आज उत्तर प्रदेश विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है, उत्तर प्रदेश में आज गरीब कल्याण योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसका जनता को लाभ मिल रहा है। पहले की सरकारों में अपराधियों का आतंक होता था। माफिया हावी होते थे, व्यापारी परेशान रहते थे, वसूली गैंग हावी रहता था। अब उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन कर उभर रहा है। सपा व बसपा की सरकारों में अपराधी हावी रहते थे, लेकिन आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो गया है। पूरी तरह रह से कानून व्यवस्था का राज हो गया है। आज अपराधियों माफियाओं को ठीक ठिकानों पर ले जाने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है।

**भाजपा में जो भी आयेगा, वह प्रक्रिया के तहत आयेगा**

**सपा** द्वारा भाजपा पर लगाये जा परिवारवाद के आरोप को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा में जो भी आयेगा, वह प्रक्रिया के तहत आयेगा। यहां पर अंतर यह है कि समाजवादी पार्टी को चलाने काम एक परिवार करता है। भाजपा को कोई परिवार नहीं चलाता है। जनता सब जानती है। इन मौके पर भाजपा प्रत्याशी हरीश शाक्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता,सहित तमाम पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**धामी के रोड शो में उमड़ा सैलाब, लगा जाम ही जाम**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के लिए रोड शो किया। रोड शो में भारी जनसैलाब उमड़ा, जिसकी वजह से जगह-जगह जाम लग गया। अपने कठोर निर्णयों और स्वच्छ छवि के लिए जन-जन में सीएम धामी प्रसिद्ध हैं। इस नाते देशभर के प्रत्याशियों की ओर से चुनाव प्रचार के लिए सीएम धामी की मांग बढ़ रही है। बदायूं के रोड शो में मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता की झलक साफ-साफ दिखी। अपार जनसमूह उमड़ा रहा। मुख्यमंत्री धामी का रोड शो शहर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**बेड़ो :** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत कथा का आयोजन आज सोमवार से शुभारंभ होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। वही धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। साथ ही पांच दिनों तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर पांच दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

### बेड़ो में महिला समूहों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**बेड़ो :** जेएसएलपीएस बेड़ो में महिला समूहों से जुड़ी दीदियों और स्टाफों ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें रंगोली के माध्यम से प्रखंड कार्यालय प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वोट देना सभी का अधिकार है। इस अधिकार से किसी को वंचित नही होना है। साथ ही अपने आसपास के लोगो को भी बिना प्रलोभन में आकर वोट करने का दिशानिर्देश दिया। साथ ही आगामी 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान करने की अपील किया। जिससे कोई भी मतदान से वंचित न रह जाए। उन्होंने पारंपरिक विधि से मतदान की अपील करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने आसपास के मतदाता को भी जागरूक करने की बात कही। पहले मतदान फिर जलपान करने की बात पर जोर दिया। वहीं डमी ईवीएम मशीन दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को समझाया। मौके पर जेएसएलपीएस प्रबंधक मुकेश सिन्हा, पंकज, पवन, कृपाशंकर, शिवसागर, बिजल, सावित्री, बबली, रितु, कामराज, कालेशवर, सोभना, सुमन, प्रतिमा, प्रखंड के कर्मियों व समूह की दीदीयों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

### बेड़ो में विद्यार्थियों के बीच अध्ययन सामग्री का वितरण



**बेड़ो :** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र इण्डियन टैलेंट इण्टरनेशनल स्कूल बेड़ो के परिसर मे रविवार को अध्ययन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सेक्रेड मिशन स्कूल नगड़ी के निदेशक सुरेश्वरी महतो ने कहा कि वर्तमान दौर में विद्यार्थियों के व्यापक कल्याण के लिए साधारण शिक्षा के साथ साथ रोजगारपरक शिक्षा आवश्यक है। मौके पर अध्ययन केंद्र के को-ऑर्डिनेटर प्रीतम कुमार ने कहा कि अध्ययनरत छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। साथ ही सेकेंड बैच का नामांकन डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट आदि कोर्स में छात्रवृत्ति के साथ नामांकन जारी है। कार्यक्रम में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कर रहे छात्राओं के बीच अध्ययन सामग्री वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश्वरी महतो ,विशिष्ट अतिथि विजय कुजूर,आशीष प्रमाणिक कल्याणी कुमारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे ' कार्यक्रम का संचालन प्रीतम कुमार ने किया।

### चुनाव प्रभारी स्वामी देवेन्द्र प्रकाश ने की बैठक



**बुढ़मू :** ठाकुर गांव मंडल के चुनाव प्रभारी स्वामी देवेन्द्र प्रकाश द्वारा बाड़े शक्ति केंद्र के सभी बूथों के बुथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुखों के साथ रविवार को बैठक की। अगामी 25 मई को होने वाले लोक सभा में पार्टी प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान हो उसको लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव, कमल मोदी, बिंटू शाहदेव, मनोज महतो,सहानंद गोप, सुरजन गोडाइत, सागर गोप, प्रदीप साहू, मोनू तिर्की समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कॉफी विद डीसी, कॉफी की इलेक्शन आईकॉन, रील मेकिंग कम्पीटिशन, फोटोग्राफी कम्पीटिशन, वॉकाथन में लें भाग

# हर वोटर है ब्रांड एम्बेसडर, महा हैशटैग अभियान में शामिल हों, लोगों को करें प्रेरित : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव एक महापर्व है। इसमें हर वोटर ब्रांड एंबेसडर है।इस बार के चुनाव में हर मतदाता खुद अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेगा। यह बात रविवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार कोई बड़े पर्दे का अभिनेता हमारे बीच नहीं आएगा। चुनाव का हीरो वोटर है, और वोटर खुद घर से बाहर निकाल कर लोगों को प्रेरित करेगा। डीसी ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। उस दिन हर मतदाता अपने घर से निकलकर बूथ तक पहुंचे इसके लिए एक बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

**महा हैशटैग अभियान में शामिल होंगे लोग**

**सात** मई को शाम छह बजे से आठ बजे तक # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर के तहत महा हैशटैग अभियान चलाया जाना है। अभियान के सफल आयोजन में जिला स्तरीय विभागों, बूथ अवेयरनेस समूहों, प्रज्ञा केन्द्रों, शिक्षकों, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सहित अन्य के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**शहरी क्षेत्र का मतदाता है उदासीन, भरनी है नयी ऊर्जा**



**उपायुक्त** ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता विकास से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की पूरी जानकारी होने के बावजूद मतदान के दिन मतदान करने नहीं जाते हैं। उनमें नई ऊर्जा भरने की जरूरत है। इस बार के मतदान को सफल बनाने के लिए शहरी क्षेत्र के सभी मतदाताओं से स्वयं सामने आकर मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

**07 मई को इन कम्पीटिशन में भी ले सकते हैं हिस्सा**

**सात** मई को शाम छह बजे से आठ तक मतदाता जागरूकता से संबंधित फोटो, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग सहित कोई भी विशेष पहल को अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर #मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर एवं #रामगढ़करेगावोट हैशटैग के साथ शेयर करने की अपील की। वहीं उन्होंने एक साथ बड़े स्तर पर लोगों द्वारा एक ही हैशटैग के साथ कंटेंट शेयर करने के कारण पूरे देश में लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने में आने वाली सहूलियत के प्रति भी जानकारी दी।

**वॉकाथन में दौड़ेंगे अधिकारी, पहली बार वोट डालनेवालों के साथ कॉफी पियेंगे डीसी**

**जागरूकता** फैलाने के लिए रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से प्रातः छह बजे से वॉकाथन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत इस बार पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं के साथ जिला समाहरणालय परिसर में 11 बजे से 'कॉफी विद डीसी' कार्यक्रम का आयोजन होगा। 11:30 बजे से युवा मतदाताओं को मतदाता आईकॉन शालिनी दुबे से मिलने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## भुरकुंडा में आम लोगों के लिए प्याऊ का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भीषण गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रामगढ की ओर से रविवार को भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड के समीप अस्थायी शीतल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन समाज सेवी ह्यूमन राइट्स सुरक्षा परिषद सदस्य अशोक कुमार चैहान और चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रामगढ़ के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अवसर पर प्याऊ के माध्यम से सैकड़ो लोगों को ठंडा पानी सहित चना-गुड़ भी उपलब्ध कराया गया। तपती धूप में शीतल पेयजल मिलने से राहगीरों और स्थानीय मजदूरों ने काफी राहत महसूस की। इस दौरान दिलीप अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतल पेय की व्यवस्था की गई है। जहां हर दिन शीतल पेय उपलब्ध कराया जाएगा। यह सेवा जून महीने लगातार जारी रहेगी। मौके पर शिव कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, शिव कुमार यादव, रॉकी अग्रवाल,अमन चौहान , अनिल दुबे, अजय गुप्ता, महेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, कमल पोद्दार, धारू सोनी, संदीप पोद्दार, रिंकू वर्णवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

# बुद्धिजीवी मंच ने की नर्सिंग और पारा मेडिकल कॉलेज की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र के तत्वावधान में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसके माध्यम से क्षेत्र के लिए दो मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए हजारीबाग लोकसभा चुनाव में चुनकर आनेवाले नये सांसद से इसपर पहल जरूर करने की अपील की गई। मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि क्षेत्र में व्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा का एक भी सरकारी संस्थान नहीं है। जिससे गरीबी और बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। क्षेत्र में सरकारी नर्सिंग और पारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना होनी चाहिए। जिससे यहां के युवक-युवतियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा से मिल




सकेगी।गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के बच्चे भी कम शुल्क में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर रोजगार पा सकेंगे। जहां इससे रोजगार के रास्ते खुलेंगे वहीं क्षेत्र में भी समृद्धि आएगी। आगे प्रदीप करमाली ने क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए पैसेंजर ट्रेन के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि रांची-कोडरमा वाया हजारीबाग नयी रेल लाइन पर सिधवार, बारीडीह और हेहल के ग्रामीणों की जमीनें रेल लाइन निर्माण में गई है। जबकि यहां के लिए एक भी पैसेंजर ट्रेन की व्यवस्था नहीं है। जिससे यहां के ग्रामीण रांची या हजारीबाग जा सके। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीणों का पेशा खेती या फिर मजदूरी है। पैसेंजर ट्रेन से गरीब किसान और मजदूरों को इन शहरों आनेजाने में काफी सहूलियत होगी। यहां के युवा भी पढ़ाई और कामकाज करने रांची और हजारीबाग जा पाएंगे। मंच की ओर से कहा गया जो चुनाव जीतकर जो भी प्रत्याशी सांसद बनें वे इसपर अवश्य पहल करें। वहीं कहा गया कि पहल नहीं होने पर सामाजिक सरोकार से जुड़े इन दो मांगों को लेकर मंच भी आगे भी पुरजोर प्रयास करेगा। प्रेस कांफ्रेंस का संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया। मौके पर सचिव डॉ. शहनवाज खान, प्रवक्ता सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष मो. सलीम, सह सचिव सोनी महतो, संरक्षक प्रदीप चक्रवर्ती, उप कोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, शिवशंकर बेदिया, दिनेश करमाली, कवियत्री बेदिया, गुड्डू कुमार, सन्नी करमाली, धीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश प्रजापति, गोविंद बेदिया, गिरीशंकर महतो मौजूद थे।

## झारखंड आन्दोलनकारी के सम्मान में श्रद्धांजलि समारोह का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रविवार को झारखंड के महान आंदोलनकारी, झारखंड की संस्कृति तथा जल, जंगल एवं जमीन के लिए संघर्षरत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई तथा सामाजिक संस्था 'गट्र्स' के संस्थापक स्व. राजाराम सोरेन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम गट्र्स के प्रधान कार्यालय डाक बंगला गोला में आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवियों एवं आंदोलनकारियों के द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगों ने नमन आंखों से उन्हें याद कर उनके जीवन और संघर्ष को याद करते हुए उनके अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की संकल्प लिया गया। सभी ने कहा कि 'जब तक सुरज चांद रहेगा राजाराम सोरेन का नाम रहेगा'। गोला के लोगों को उनके द्वारा मिला प्यार और उनका आशीर्वाद हमेशा याद रखा जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के युवा संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, इरफान उल्लाह, भागीरथ महतो, जगत महतो, कार्तिक महथा, राघवेंदर, कर्नल विवेक गोस्वामी, मो. असगर अली, बाबला,आदित्य महतो, मितु, परवेज, रामविनय महतो, मो. आलम, राजाराम महतो, संतोष सोनी, गुलाम सरवर, अविनाश अग्रवाल, बिनु महतो, सुकु टुडू, देवचरण मांझी, नेपाल मुखर्जी, जिलानी मियां, उमेश हेंब्रम, गोलु मुर्मू, प्रकाश हेंब्रम, नुनिबाला गोसाईं, सिता देवी, सुनिता देवी, संतुवा बेदिया, निसमबर बेदिया, सोरम सिंह, सागो देवी, मनोरंजन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन से कट कर महिला की हुई मृत्यु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी-नारो महतो टोली के समीप ट्रेन से कट कर एक महिला की मृत्यु हो गई। घटना दोपहर लगभग 2.30 बजे की है।स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना नगड़ी थाना और रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगड़ी पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गई। ट्रेन से कटने की सूचना पर आसपास के सैकड़ो ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गये। शव के पास एक महिला बैग था जिसमें एक आधार कार्ड था जिसपर पार्वती कुमारी का नाम दर्ज था पता में गाँव बेड़ो लिखा था। बेड़ो के लोगों से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक बेड़ो पूर्वी की ज़िला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी उर्फ. पार्वती देवी है। सूचना मिलते ही नगड़ी जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, लापुंग जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया नीरज कुजूर, जतरु उरांव, सुखदेव कच्छप भाई दिनेश भगत, पति जगरनाथ भगत तारा लकड़ा, नवीन मिंज, बजरंग महतो, शनि उरांव, साजन मुंडा, बुदा उरांव, रवि सहित कई लोग घटना स्थल पहुंचे। पार्वती देवी के पति जगरनाथ भगत भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और जन जाति मोर्चा के जिला संयोजक है, बेटी दीपिका भगत नगड़ी के प्रेम नगर स्थित श्री राम बीएड कॉलेज से बीएड कर रही है।

# मुखिया संघ ने योजनाओं में अनदेखी पर की प्रेसवार्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** मुखिया संघ के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत में प्रेसवार्ता की गई। जिसमें मुखिया के अधिकारों और मान सम्मान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मौजूद मुखियाओं ने कहा कि डीएमएफटी के तहत सांसद-विधायक अपने अनुसार योजनाओं का चयन करते हैं, इसमें पंचायत के मुखियाओं की अनदेखी कर सुझाव तक नहीं लिया जाता है। साथ ही सरकार की अन्य योजना जैसे प्रधानमंत्री सड़क योजना, विशेष प्रमंडल, जिला कल्याण विभाग, अन्य योजनाओ में भी सांसद-विधायक और अधिकारी मुखियाओं को नजरअंदाज करते हैं। अपनी मनमानी करते हुए योजनाओं का चयन करते हैं। वहीं मुखियाओं ने कहा कि बालू की किल्लत से पूरी विकास पड़ गया है। बेरोजगारी चरम पर है। जबकि मिलीभगत से बालू का अवैध धंधा खुलेआम चल रहा है। बालू के अभाव में गरीब ग्रामीणों का काम नहीं हो रहा है। मौके पर मुखिया संघ के संदीप उरांव, अजय पासवान, विकास नायक, रामनारायण कुमार, जगदीश साव, ब्यास पांडेय, सतेंद्र यादव अन्य मुखिया शामिल हुए।

### शिव मंदिर परिसर बुढ़मू में ग्रामीणों की हुई बैठक

## 12 जून को फूलखूंदी व 13 जून को झूलन करने का लिया गया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** शिव मंदिर परिसर बुढ़मू में रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। 12 व 13 जून को मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया. 12 जून को रात में फुलखुंदी और 13 जून को झूलन सह मेला का आयोजन किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक हरदेव साहु, अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सचिव प्रदीप साहु, कोषाध्यक्ष पंकज गोस्वामी, उपसंरक्षक बीरबल साहु, गगन साहु, राजेश साहु, और बिरजू सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश साहु और जय साहु, उपसचिव मुन्ना साहु और राजेश कश्यप, उपकोषाध्यक्ष राजकिशोर साहु और राजू गोस्वामी, अंकेक्षक रामनाथ साहु, रामेश्वर साहु और नंदलाल साहु, निगरानी ओमप्रकाश साहु, गोवर्धन लोहरा और लाल बहादुर साहु के साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

# पीवीयूएनएल में स्वर्णरेखा महिला समिति ने मनाया वार्षिक दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएनएल स्वर्णरेखा महिला समिति ने वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत आरके सिंह और रीता सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया।कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों ने सुपर हिट बॉलीवुड ट्रैक, गणेश वंदना, कव्वाली और अंत में फैशन रैंप वॉक का प्रदर्शन किया। उनके मनमोहक प्रदर्शन ने वास्तव में इस अवसर को यादगार बना दिया। विभिन्न प्रश्नोतरी और इंटरैक्टिव खेलों का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। अवसर पर सरिता झा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णरेखा महिला समिति अपनी विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रही और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम संबोधित करते हुए स्वर्णरेखा महिला समिति अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों जैसे स्कूल बैग वितरण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान देने की बात कहीं। साथ ही समिति की एकता की तारीफ की और उन्होंने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि आगे भी समाज के लिए बेहतर काम करते रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ आर के सिंह, सीईओ, पीवीयूएनएल ने समिति की तारीफ की और कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी। साथ ही महिला समिति के द्वार किये गए कल्याणकारी कार्य भी सहराना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक परियोजन अनुपम मुखर्जी, देवदीप बोस जीएम ( ओ एंड एम) और अन्य सदस्यों सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

**अनगड़ा :** राजाडेरा के शासनबेड़ा में रविवार को जय हो वीर हनुमान मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। गांव की 251 महिलाओं ने गांव से चमघटी नदी और वहां से मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। मौके पर यज्ञ, हवन, कीर्तन, नगर भ्रमण, महाआरती व भंडारा आयोजित किया गया। पूरा क्षेत्र राममय था। महायत्र को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था। अनुष्ठान में मुखिया सीमा देवी, पंसस जानकी देवी, राजेश महतो सहित मुख्य यजमान शिवचरण महतो, मंदिर समिति की अध्यक्ष सुलेखा देवी, सचिव आशापति देवी, कोषाध्यक्ष बसन्ती देवी, दूती महतो, लोकनाथ महतो, सुकनाथ महतो, जुगल महतो, दिलीप, मुगल, शिवनाथ महतो, दिलेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीया में बाल विवाह रोकने के लिए मंदिरों में सक्रिय सदस्य रहेंगे तैनात

## नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह, मंदिर के पुजारियों से अग्रगति संस्था ने की सहयोग की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से मंदिरों में चौकसी बढ़ाने को लेकर रामगढ़ के विभिन्न मंदिरों में अग्रगति संस्था के सदस्य तैनात किए गए है। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, यूएस एवं अग्रगति के सहयोग से 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंड के प्रसिद्ध मंदिरों में होने वाले बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के सभी मंदिरों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष कार्य किया जाएगा। यह विशेष कार्य अक्षय तृतीया तक रखा जायेगा। इसके तहत विभिन्न मंदिरों में बाल विवाह पर रोक लगाया जाएगा एवं उन्हें बाल विवाह नहीं करने का निर्देश दिया जायेगा ताकि इस जिले में कहीं भी बाल विवाह नहीं हो सके। प्रख्यात शक्ति पीठ माँ छिन्मस्ता मंदिर रजरप्पा में अनिता देवी, देवंती देवी, गौतम शर्मा, फैजान अख्तर,भुवनेश्वर महतो को तैनात किया गया है। वहीं टूटी झरना मंदिर एवं आस पास के अन्य मंदिरों में नागेश्वर कुमार, गोला के मंदिरों में रीता देवी, भगीरथ महतो उर्फ प्रवीण, बरलंगा के मंदिरों में निशा देवी, दुलमी के मंदिरों में कविता एवं फूलवंती, पतरातू के मंदिरों में गुड्डू एवं जितेंद नियमित रूप से निगरानी करते रहेंगे। बताया गया कि जिले के कई प्रखंडों में बाल विवाह होने की खबर मिलते ही कई बाल विवाह को रुकवाया गया तथा समझा बुझाकर बताया गया कि जब तक लड़की का उम्र 18 वर्ष ना हो जाए या लड़के का उम्र 21 वर्ष ना हो जाए तब तक उनका शादी ना करें, नहीं तो उनके लिए विधि द्वारा दंड का भी प्रावधान है। अपील की गई है कि अगर कहीं बाल विवाह होते हुए कोई भी समाज के विद्वान, समाजसेवी, शिक्षक या अन्य लोग देखें या सुने तो कृपया 112, 1098 ,अग्रगति कार्यालय या हमारे सदस्यों को सूचना दे सकते हैं।

# महिलाओं को स्वावलम्बी बनने की राह दिखा गयीं जिप सदस्य पार्वती कुमारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सशक्त नारी, खुद के साथ दूसरों का भी जीवन बदलती है। ऐसी ही थीं बेड़ो पूर्वी की जिप सदस्य पार्वती कुमारी। जिसने स्वयं आत्मनिर्भर होकर दूसरों को भी समृद्ध व सशक्त बनाया। जिप सदस्य ने लगभग 25 वर्ष पूर्व महिलाओं के उत्थान के लिए दुर्गा महिला मंडल बनाया था। बचत के दस-दस रुपये जमा करने शुरू किए थे। समूह के जमा पैसे से एक दूसरे की मदद होती है।उन्होंने गांव की महिलाओं का जीवन स्तर को भी करीब से देखा था। जो अपनी आजीविका चलाने के लिए संसाधनों की मोहताज थीं। खुद महिला होने के नाते वह महिलाओं की स्थिति को भलीभांति समझती थीं। इसीलिए गरीब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने उन्हें बचत करना सिखाया। जिससे उन्हें जीवन जीने की



नई प्रेरणा मिली। हौसले निःसंदेह प्रशंसा के योग्य हैं। गांव की घरेलू महिलाओं के बीच से ही निकली यह महिला उनके सुख-दुख में सहभागी होकर उनके जीवन में खुशियां बरसाकर चली गईं। वहीं रविवार को पूरे दिन गुमला रोड में मातम का माहौल बना रहा। पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक निवास स्थान गुमला रोड पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों, दुकानदारों व युवकों ने पहुंचकर दिवंगत जिप सदस्य को श्रद्धांजलि दिया। साथ ही शोक संतप्त स्वजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया।

**गुमला रोड में लगा भाजपाइयों का तांता, हर किसी की आंखें नम........**

ट्रेन हादसा में हुई जिप सदस्य की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। वहीं भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भी शोक की लहर दौड़ गई। शवयात्रा पैतृक निवास स्थान बेड़ो स्थित गुमला रोड से निकाली गई। जो बेड़ो बाजार टांड़ स्थित मसना पर पहुंची। जहां जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पति जगरनाथ भगत ने दिया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। गांव की महिलाओं के अनुसार पार्वती कुमारी सरल स्वभाव मिलनसार थीं। हर कोई उनके व्यवहार की प्रशंसा करता था। हादसे में पार्वती कुमारी की मौत की खबर मिलते ही भाजपा के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ,विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, लोहरदगा लोकसभा संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर,शिव शंकर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सह संयोजक सन्नी टोप्पो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद पूनम देवी, हिंदिया टोप्पो, सुषमा देवी, आशुतोष तिवारी, परमेश्वर भगत, बेरोनिका उरांव, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू, प्रांत मंत्री सुशील मरांडी, संदीप उरांव, मेघा उरांव, सन्नी उरांव, राजू उरांव, जय मंत्री उरांव, रांची जिला मुखिया अध्यक्ष सोमा उरांव, मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, नीरज कुजूर, जतरु उरांव, पंसस राखी भगत, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, राकेश भगत, जुगेश उरांव, भीखा उरांव, अनिल उरांव, राजीव रंजन अधिकारी, भोगेन सोरेन चंद्र किशोर उरांव, जगरनाथ उरांव, महादेव कुजूर, सुनील कच्छप, गणेश महथा, मुकेश कुमार राय, विश्वनाथ गोप, सुरेश प्रसाद साहू, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, नवदीप महतो, भाई दिनेश भगत, पति जगरनाथ भगत, तारा लकड़ा, नवीन मिंज, शनि उरांव, साजन मुंडा, बुदा उरांव, बुधवा पहान, अशोक खलखो, सुशीला भगताईंन, चुमानी उरांव रवि व शशि समेत बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे।

## कुरसे में मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** कुरसे गांव के महादेव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर स्थानीय लोगों की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष फुलेश्वर राम और संचालन सचिव जनार्दन मुंडा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 28 मई को मंडा जागरण और 01 जून को पूजा किया जाएगा। मंडा पूजा का मेला 09 जून को लगेगा जिसका समापन 10 जून को होगा। मंडा पूजा समिति ने पूजा की तैयारियों को लेकर अगली बैठक आगामी 12 जून को निर्धारित की गई है। बैठक में वीरेंद्र यादव, पूर्व मुखिया रामदास बेदिया, राणा प्रताप सिंह, धनेशवर यादव, विजय मुंडा, पवन मुंडा, सचिन साहु, जयलाल सिंह, राजकुमार साहु, दीपक प्रजापति, राजेश्वर कपूर सिंह, सुदर्शन करमाली , सुनील करमाली, गोतम मुंडा, प्रदीप तुरी, महेश सिंह, हरिचरन करमाली, मोती करमाली, सन्नी कुमार, ईश्वर मुंडा, सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव उल्लासपूर्वक सम्पन्न



**रांची** : गो माता सेवा समिति रांची के तत्वावधान मे सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण जी का गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास,भक्तिमय तथा उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान का विग्रह, मंदिर परिसर एवं श्री कृष्ण गोपाल का सुगंधित पुष्पों से अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, महाभोग प्रसाद भंडारा,भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 9 बजे श्री गणेश जी के आवाह्न एवं श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर फल,मेवा,मिठाई का भोग अर्पित किया गया। तथा पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर महाप्रसाद का भोग लगाया गया। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल, श्री श्याम मंडल सहित कई भजन गायको द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की।

### अग्रवाल युवा सभा, रांची ने किया नि:शुल्क चलंत प्याऊ, अग्रसेन धारा का शुभारम्भ



**रांची** : रांची में बढती गर्मी के प्रकोप से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की नि:शुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ अग्रसेन धारा के नाम से दिनांक 05/05/24 (रविवार) को भारतीय युवक संघ,बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। सचिन रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि इस चलंत प्याऊ में शीतल पेय जल, सतू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी एवं अन्य पेय पदार्थ की सुविधा राँची के विभिन्न स्थानों पर बारी-बारी से जाकर, वहां के नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को नि:शुल्क रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। आज के इस शुभ कार्यक्रम का उद्घाटन हमारे मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राँची गौशाला के अध्यक्ष पुनित पोद्दार, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं अग्रवाल सभा, रांची के सचिव मनोज चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। अध्यक्ष सौरभ बजाज ने अतिथियों को पौधा देकर, दुपट्टा उढ़ाकर उनका स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की ली सदस्यता



**रांची** : समाजसेवी नवीन सिंह समीर कुमार बागची के नेतृत्व में कमलेश शर्मा राजू कुमार मुरारी सिंह सोनू लोहार ने आज सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ आशु प्रमुख सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का सदस्यता लिया। वहीं, इससे पहले नवीन कुमार और समीर कुमार बागची ने सैकड़ो युवा और महिलाओं के साथ ओटीसी ग्राउंड से जुलूस के शक्ल में आजसू कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सभी को पार्टी की सदस्यता माला और पट्टा पहना कर दिलाया। वही, सुदेश कुमार महतो ने कहा कि नवीन कुमार समीर कुमार बागची के आने से पार्टी को और मजबूत होगी।

### राहुल गांधी के दौरे को लेकर सम्बन्धित जिलों को दिये गये दिशा निर्देश

**रांची** : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सात मई के एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में दो बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिए गए हैं। साथ हीं सभा स्थल पर तैयारी की समीक्षा भी लगातार की जा रही है। इसके अलावा आईएनडीआईए के घटक दलों और उम्मीदवार के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर सभा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# राज्य की 03 लोकसभा सीटों व गांडेय उपचुनाव के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इन तीनों लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय सीट के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा कर लिया गया है। चतरा लोकसभा सीट के लिए तीन मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा के काली चरण सिंह, कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी और बहुजन समाज पार्टी के जगदेव प्रसाद के आवेदन सही पाये गये हैं। इसके अलावा पंजीकृत राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 20 मिलाकर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अन्नपूर्णा देवी और बहुजन समाज पार्टी से सिटन रविदास का आवेदन वैध पाया गया है। पंजीकृत राजनीतिक दलों में सीपीआई (माले) के विनोद सिंह समेत पांच कैंडिडेट हैं। साथ ही नौ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। हजारीबाग सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों में कांग्रेस के जेपी पटेल का नामांकन वैध पाया गया है। साथ ही भाजपा के मनीष जायसवाल और बसपा के मो मोईनउद्दीन अहमद का नामांकन भी सही है। इसके अलावा 14 अन्य प्रत्याशियों के नामांकन भी वैध पाये गये हैं। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए झामुमो से कल्पना सोरेन, भाजपा से दिलीप कुमार वर्मा का नामांकन हुआ है। इसके अलावा नौ अन्य कैंडिडेट का भी नामांकन स्क्रूटनी के बाद सही पाया गया है।




## झामुमो की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंसी : प्रतुल शाहदेव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। वे रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाए हैं उसमें प्रथम दृष्टया हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपये की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंततः राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जो भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह-शाखा रांची ने कराया नि:शुल्क प्याऊ का शुभारम्भ



- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रातू ब्लॉक के समीप हुई स्वच्छ एवं शीतल जल की व्यवस्था

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा, रांची, (औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम, रांची) के तत्वावधान में 05 मई रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रातू ब्लॉक के निकट निःशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। इस निःशुल्क प्याऊ के माध्यम से इस भीषण गर्मी में लोगों के पीने के लिए स्वच्छ एवं शीतल जल की व्यवस्था की गयो। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस निःशुल्क प्याऊ को लगभग दो महीने ; यानी ग्रीष्म ऋतु की समाप्ति तक रोजाना चलाया जायेगा एवं लोगों को निःशुल्क पीने का जल उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन एवं आरती कर के किया गया। तत्पश्चात प्याऊ को लोगों की सेवा हेतु सुपुर्द किया गया। ज्ञातव्य है कि श्री सर्वेश्वरी समूह-शाखा रांची द्वारा यह निःशुल्क प्याऊ सेवा प्रत्येक वर्ष लगायी जाती है। साथ ही, शाखा द्वारा 'पंछी को दाना - पंछी को पानी' कार्यक्रम के अन्तर्गत सकोरा का वितरण एवं रिम्स अस्पताल में हाथ पंखा का वितरण भी किया जायेगा। आज के कार्यक्रम में समूह शाखा रांची की ओर से रणजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार, गिरेन्द्र नाथ शाहदेव, रोहित कुमार सिंह, सौरभ कुमार, समर सिंह, यदुनाथ शाहदेव, रितिका शाहदेव के साथ शाखा एवं मोहल्ले के लगभग 15 लोग शामिल हुए।

## वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। इसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है। नवीन के हमारे साथ जुड़ने से पार्टी में एक नवीन सोच का पदार्पण हुआ है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार ने कहा कि जब सामाजिक जीवन में आने का निश्चय किया तो सबसे पहले आजसू का नाम जेहन में आया। सुदेश महतो की सोच और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन के उपरांत बोकारो के जैना मोड़ स्थित बांधडीह स्कूल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के उप मुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो समेत गठबंधन के कई नेता संबोधित करेंगे।



## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के नये सत्र (2024-25) की दूसरी कार्यकारिणी बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के नये सत्र (2024-25) की दूसरी कार्यकारिणी बैठक शाखा नवनिर्वाचित अध्यक्षा विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में दिनांक 4 मई हरमू रोड स्थित होटल माइस में हुई। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभापटल में रखी गई। उसके बाद सचिव ने अप्रैल माह का प्रतिवेदन पेश किया। शाखा अध्यक्ष ने अपने स्वागत उद्गार में सभी प्रभारियों के अच्छे कार्य की प्रशंसा की और सभी दानदाताओं का धन्यवाद दिया। बैठक में मई माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसमे विशेष रूप से मदर्स डे, रक्तदान शिविर, स्वस्थ जांच शिविर, स्थायी अमृतधरा, मंडलीय सभा में उपस्थिति, सावन मेला का आयोजन जैसे कई कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरेवाल जी ने अपनी रिपोर्ट पेश की। बैठक में उपस्थित शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को सह सम्मान उनके नाम का बैच पहनाया गया। सभी मेंबर्स अपने नाम के बैच देख कर काफी खुश हुए और इस पहल के लिए अध्यक्ष को बधाई दी।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सेल, रांची ने आज अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात कार्यपालक छात्रावास में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन किया। डॉ. जेके रथ, पूर्व सीएमओ, इस्पात हॉस्पिटल एवं योग विशेषज्ञ श्रीमती रितु रूंगटा ने क्रमशः स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र में सेल कर्मियों को स्वास्थ्य के नुस्खे दिए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सेल, सीईटी के कार्यपालक निदेशक श्री एसके वर्मा ने आज के कॉर्पोरेट जगत में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रथ ने अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को शुरूआती अवस्था में ही रोकने के लिए शीघ्र निदान और उचित चिकित्सा देखभाल पर जोर दिया, ताकि बाद में जटिलताओं से बचा जा सके। श्रीमती रितु रूंगटा ने सेल कर्मचारियों के लंबे समय तक डेस्क वर्क तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित कुछ चुनिंदा श्वास तकनीकों और विशेष योग मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण कियो सेल, सीईटी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।



## मतदाता जागरूकता के लिए माहेश्वरी सभा रांची ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को श्री माहेश्वरी सभा रांची माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन की संयुक्त बैठक हुई। इसमें चुनाव के महापर्व पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए कैसे जागरूक बनाया जाए तथा उन्हें अपने मत के अधिकार का क्या महत्व है यह कैसे बताया जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा की तीनों शाखों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की सभा का प्रत्येक सदस्य अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क करके उन्हें मतदान के दिन मत अवश्य दें इसके लिए प्रेरित करेगा तथा अपनी अपनी पहुंच के क्षेत्र में मतदान के दिन यह सुनिश्चित करने की चेष्टा करेगा की सब लोग मत देने के लिए अवश्य जाएं। आज की बैठक में तीनों शाखों के अध्यक्ष सचिव के अलावा पवन मंत्री, अशोक साबू, दीपक मारु, रमन बोड़ा, संगीता चितलांगिया, रश्मि मालपानी, सीमा मालपानी, पंकज साबू, सौरभ साबू विशेष रूप से उपस्थित थे।



## 148वां नि :शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद 1500 जरूरतमंद परिवार के सदस्यों ने किया ग्रहण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को 148वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति के सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान,सत्यभामा देवी,संतोष देवी अग्रवाल,सरोज पोद्दार के द्वारा वहाँ के लगभग 1500 जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 148वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 148 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

## भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के सांसद संजय सेठ ने आज खलारी के कोनका , हेसालन, नावाडीह, मे जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आज के इस कार्यक्रम में काके के विधायक समरी लाल , शैलेंद्र शर्मा भरत रजक शत्रुंजय सिंह रवि भूषण सिंह अरविंद सिंह श्याम सुंदर सिंह कार्तिक पांडे अनिल गंजू जय सिंह प्रीतम साहू जितेंद्र पांडे सरस्वती देवी रामसेवक यादव मनोज गिरी शशि प्रसाद साहू आनंद सिंह कार्तिक पांडे सीताराम रवि सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## रांची लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 06 मई को करेंगी नामांकन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची लोकसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। यशस्विनी सहाय नामांकन दाखिल करने जुलूस के साथ जायेंगी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक मौजूद रहेंगे। नामांकन के लिए जुलूस मणि टोला काली मंदिर से पूजा-अर्चना कर सुबह सात बजे प्रारंभ होगी। इसके बाद 7:30 बजे धुर्वा सेक्टर तीन स्थित आवास से प्रस्थान और दुर्गा मंदिर के दर्शन, 7:45 में बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण, 8.00 बजे हिनू चौक स्तिथ (हनुमान मंदिर ,शनि मंदिर में दर्शन, 8:15 बजे डोरंडा एजी मोड़, 8:30 बजे स्वामी विवेकानंद चौक, 8:45 बजे बाबा साहेब आंबेडकर चौक, नौ बजे रिसलदार बाबा के मजार, 9:30 बजे कडरू ब्रिज, 9:40 में कडरू महावीर मंदिर में दर्शन, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंचेंगी। यहां यशस्विनी सहाय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा होगी। इसमें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रांची में लोकसभा चुनाव छठें चरण 25 मई को होना है। रांची के अलावा गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय सीटों पर भी इसी दिन वोटिंग होगी। छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नौ मई तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र में ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र आते हैं।



- नामांकन के लिए जुलूस मणि टोला काली मंदिर से पूजा-अर्चना कर सुबह सात बजे प्रारम्भ होगी
- छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी

### आईजी अभियान ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**रांची** : लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारियां की गई हैं और क्या कमियां रह गई हैं, इस पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। राज्य में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा।

## समाज की महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के तत्वावधान में आगामी 10 मई 2024 को आयोजित होनेवाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व सभा द्वारा समाज की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण में आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं बच्चों की सहभागिता रही विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए इसके अंतर्गत भाषण, लेखन, कुर्सी दौड़ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जबकि युवा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ जैसे ही मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के लिए समाज की ही विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाओं सुश्री अनुभा शर्मा, रश्मि शर्मा, स्नेहा शर्मा ने आज निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया। समस्त कार्यक्रमों में सभा अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, मंत्री कृष्ण लाल शर्मा कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला संयोजक अशोक पुरोहित सुनील शर्मा सहसंयोजक सर्वश्री नथमल शर्मा अमित सारस्वत, कमल शर्मा, मनीष शर्मा चेतन माटोलिया जबकि महिला समिति की श्रीमती ममता शर्मा, अनीता शर्मा, खुशी शर्मा, अमृता शर्मा, नीलम शर्मा, बिंदु शर्मा, पिंकी शर्मा सहित सभा की सभी पूर्व एवं वर्तमान कार्यकारिणी की सभी सदस्यों में बढ़-चढ़कर कर भाग लिया।

## एक झलक

### महाप्रबंधक ने बहाल करायी बिजली आपूर्ति, लोगों में हर्ष

**मधुबन (धनबाद):** मजदूर दिवस के दिन सोनारडीह हॉल्ट के समीप 1 मई को हड़कुप भट्ठा के ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। जिसमें 1000 केवि का ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गया था। जिस कारण खास टुंडू ,सोनारडीह बस्ती बिलवेड़ा बस्ती आदि गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। रविवार को स्थानीय मुखिया विनोद नापित ने बताया कि ग्रामीणों के अथक प्रयास से क्षेत्र संख्या 3 के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर व केवल उपलब्ध कराया गया,और संबंधित सभी गांव में बिजली बहाल की गई। इसके लिए मुखिया विनोद नापित ने जीएम को धन्यवाद दिया है। इस कार्य के सहयोग में बिना मुंडा, गुड्डू प्रजापति, जोगेंद्र यादव, सौरभ शर्मा, राजू कालिंदी, उपेंद्र राय, संजय सिंह, दीपू यादव, अरुण यादव, कुंदन सिंह, राकेश शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बंधक बने मजदूर रूप लाल की वापसी के लिए प्रशासन से लगायी गुहार

**धनबाद :** धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड के खरनी पंचायत निवासी रुपलाल महतो को एक कंपनी द्वारा बंधक बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल रूपलाल को ठिकेदार द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर टाटानगर जमशेदपुर के घाटशिला क्षेत्र मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज व रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी ले जाया गया। नियुक्ति के नाम पर पंद्रह हजार रुपए उससे लिया गया। यह जानकारी रूपलाल के पिता शनिचर महतो ने दी। उन्होंने बताया कि रूपलाल के साथ आसपास के कई युवाओं को भी इस तरह प्रलोभन देकर बंधक बनाया गया है। युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो को इस मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने त्वरित धनबाद जिला प्रशासन, जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष और श्रम अधिक्षक धनबाद और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना दिया। साथ ही इन बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराकर घर भिजवाने की अपील भी की।

### जद (एस) ने लगाया भाजपा पर गठबंधन की उपेक्षा का आरोप

**झरिया (धनबाद):** धनबाद लोक सभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ ही पार्टी के गठबंधन दल के नेताओ की बीच विरोध भी दिखना शुरू हो गया है। रविवार को बस्ताकोला मे एनडीए गठबंधन मे शामिल जनता दल सेक्युलर के नेताओ ने भाजपा पर गठबंधन धर्म पालन नहीं करने का आरोप लगाया।

जद (एस) के प्रदेश आध्यक्ष पवन झा ने प्रेस वार्ता कर झारखण्ड भाजपा के नेतृत्व पर कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कहा कि केंद्र में एनडीए गठबंधन को मजबूती देने के लिए जनता दल सेक्यूलर के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने झारखंड प्रदेश के सभी जिला एवं प्रखंड में जनसंपर्क चलाने का आदेश दिया था। इसके बाद से जद (एस ) के कार्यकर्ता एड़ी चोटी के मेहनत कर रहे हैं, लेकिन चुनाव के वक्त पार्टी कार्यकर्ताओं की अपेक्षा की जा रही है। ऐसे में कार्यकर्ता स्वतंत्र रूप से भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ जद (एस) उम्मीदवार देने की मांग कर रहे हैं। जिसको लेकर जगह–जगह बैठक की जा रही है।

कार्यकर्ताओं का मनोबल को देखते हुए प्रदेश में अगले सभी चरण के चुनाव में पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करने पर विचार कर रही है। धनबाद लोकसभा में भी भाजपा के नेताओं के कार्यशाली के खिलाफ कार्यकर्ताओं में उबाल है। सोमवार को धनबाद लोकसभा चुनाव में जनता दल सर्कुलर की ओर से प्रत्याशी देने की घोषणा की जा सकती है। प्रेस वार्ता मे सलाम अंसारी, श्याम वर्मा, रोहित सिंह, आकाश भुईयां, अजय रविदास, निक्की दास, रीता देवी, मिना देवी, सरिता देवी, प्रियंका देवी आदि थे।

# पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चुनाव**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में पोस्टल बैलट एवं होम वोटिंग के लिए राजपत्रित पदाधिकारियों (गैजेटेड ऑफिसर्स) तथा माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्य व आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, 40% से अधिक दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करनी है। वहीं, जिला प्रशासन ने होम वोटिंग एवं पोस्टल बैलेट से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी को मतदाता को पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने, मतदान के बाद पोस्टल बैलट को मोड़ने, मतदान की गोपनीयता बरकरार रखने, वीडियो रिकॉर्डिंग करने, सीलिंग



करने, पोस्टल बैलट स्ट्रांग रूम में जमा करने, सभी तरह के प्रपत्र, लिफाफे, एनेक्सचर सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। डीसीएलआर ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान मतदाता का घर ही मतदान केंद्र होगा। मतदान केंद्र की तरह वहां वोटिंग कंपार्टमेंट लगेगा। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। होम वोटिंग के साथ पोस्टल बैलट के लिए विभिन्न फेलिसिटेशन सेंटर में प्रतिनियुक्त राजपत्रित पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। पोस्टल बैलट के लिए एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज, पुलिस लाइन, गोल्फ ग्राउंड, जैप-3 गोविंदपुर, जीआरपी, धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार, निरसा पॉलिटेक्निक तथा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में फेलिसिटेशन सेंटर बनाया जायेगा। मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, पोस्टल बैलट कोषांग के संजय कुमार झा, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती उषा किरण, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री रविन्द्र नाथ ठाकुर, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, पुष्कर चंद्र झा, महफूज आलम, अशोक तिवारी, सुभाष कुमार, कुमार वंदन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर 40- धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने शनिवार को वासेपुर और कुसुंडा में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि वासेपुर के कमर मकदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87, 88, बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 6 महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 345 तथा बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 7 में नया प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 352 का निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से मिलकर 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बिना किसी डर, भय या प्रलोभन के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद श्रीमती पल्लवी सिन्हा, अंचल अधिकारी पुटकी श्री विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री रवींद्रनाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

# अवर न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने रविवार को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल की टीम के साथ मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण किया। जेल में कुल 636 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षापरक एवं रोजगारपरक



शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ ऐसे बंदी मिले जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम देखने में प्रतीत हो रही थी, न्यायाधीश ने उन बंदियों को दूसरे बंदियों से अलग वार्ड में रखने का निर्देश जेलर को दिया तथा एलएडीसीएस को निर्देश दिया कि उनके घर वालों से संपर्क कर उनके जन्म संबंधी प्रमाण पत्र की व्यवस्था करें और आवश्यक कार्रवाई करें। न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध कुल 26 महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गयीं। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**बंदियों को दी गई कानून की जानकारी:**

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु , डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम, हाईकोर्ट द्वारा चलाए जा रहे यूटीआरसी स्कीम के बारे में जानकारी दी।

## रिजवान की गिरफ्तारी पर भाई ने व्यक्त की प्रतिक्रिया

**बाघमारा (धनबाद) :** तेतुलमारी अंतर्गत मोहालीडीह निवासी जेबीकेएसएस नेता रिजवान की गिरफ्तारी पर छोटे भाई ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। छोटे भाई जुनैद अख्तर ने कहा कि एक मई को जयराम महतो नॉमिनेशन के लिए गए थे। वहां से वापस आने के बाद रात में बड़ी संख्या में पुलिस हमारे घर पहुंची और भाई रिजवान अंसारी को उठाए और कहा हमारे साथ जाना होगा और जबरन भईया को अपने साथ ले गई। आगे कहा कि हमारी मां ने क्रांतिकारी को जन्म दिया है यदि जयराम महतो के लिए पांचो भाइयों को आंदोलन के मार्ग पर खपाना होगा, तो हम पीछे नहीं हटेंगे क्योंकि जयराम झारखंड को जगाने का काम किए हैं और मेरे रिजवान भाई बहुत ही हिम्मत वाले हैं दूसरे पक्ष द्वारा साजिश के तहत फंसाया है, क्योंकि दूसरे पक्ष वाले नहीं चाहते की जयराम महतो की विजय हो और वह झारखंड के लिए कुछ करें।

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी मिले पूर्व विधायक कुंती सिंह से, किया सम्मानित





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई रविवार को झरिया के पूर्व विधायक कुंती देवी से मिले। धनबाद सिंह मेंशन स्थित आवास में आयोजित कार्यक्रम में कुंती देवी ने उन्हे शॉल एवं कमल का प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने उन्हे पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, संतोष सिंह, झरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सिंह मैंसन शुभचिंतक मौजूद रहे।

# टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती आगामी 8 मई को है, उसके पूर्व टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद द्वारा रविवार को भारत स्काउट एंड गाइड, रेलवे क्लब परिसर में शांतिनिकेतन के प्रारूप में कविगुरु रविंद्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते हुए टैगोर पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टैगोर सोसाइटी ऑफ धनबाद के विश्वनाथ राय ने कहा यह कार्यक्रम कविगुरु को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि देने के लिए 38 साल से हम लोग करते आ रहे हैं और यह सांस्कृतिक अनुष्ठान रविंद्र प्रेमियों के लिए है इस कार्यक्रम में धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा कोलकाता से



भी कलाकार आए हैं। रवींद्रनाथ टैगोर के प्रेमी इस कार्यक्रम के लिए नृत्य संगीत की तैयारी सालों भर कर इस दिन का इंतजार करते हैं। वहीं, टैगोर समिति के सदस्य सुवर्णा बनर्जी ने कहा कि यह कार्यक्रम शांति निकेतन के प्रारूप में जैसा की कवि गुरु रवींद्रनाथ चाहते थे उसी प्रकार से हम लोग प्राकृतिक वातावरण में जयंती को मानते हैं,यह कार्यक्रम शुरूआत से ही रविंद्र जयंती के पहले पड़ने वाले रविवार को मनाया जाता है यहां धनबाद एवं धनबाद से बाहर चले गए कलाकार भी इस कार्यक्रम में आते हैं और रविंद्र नृत्य, संगीत व नाटक की प्रस्तुति देते हैं। कार्यक्रम में अरूप रतन बनर्जी, राजदीप चटर्जी, अरुण बनर्जी, देवयानी विश्वास, लबोनी दत्ता, नंदिनी सेनगुप्ता, सुवर्णा बनर्जी, कुमकुम बनर्जी, इंद्रजीत चटर्जी, अरिजीत बनर्जी, अमित बनर्जी, सोमनाथ चक्रवर्ती, कुशन सेनगुप्ता, श्रेया चटर्जी, सविता भट्टाचार्य, मिताली मुखर्जी, मिताली चटर्जी, संचित बक्शी एवं सतोसानी राय ,रोमा सिस्टर पायल नृत्य मलिक गोष्टी,तबला वादक सुखेंदु दत्त, संजय मजूमदार, करुणा मुखर्जी, वासुदेव चक्रवर्ती बाजपेई, सिंथेसाइजर में दीपू बाजपेई शामिल थे।

## बीसीकेयू ने ईजे एरिया महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित कर तत्काल पेयजल सुविधा की मांग की

**पाथरडीह (धनबाद) :** सुदामडीह रिवर साईड स्थित बीसीसीएल क्वाटर एवं बस्तियों में पेयजल की घोर संकट उत्पन्न हो गया है। चार दशक पूर्व बिछाई गई पाईप लाईन के पाइप सड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया है। बीसीकेयू के केन्द्रीय संयुक्त सचिव व बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य निताई महतो ने भौरा ईजे एरिया महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर तत्काल पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की है। साथ ही समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि सुदामडीह रिवर साईड में एनसीडीसी कम्पनी के समय का बना हुआ क्वाटर, ग्रामीणों की बस्ती एवं रिवर साईड के आवाम के लिए चार दशक पूर्व पाईप लाईन बिछाया गया था।

# तीन दिवसीय रेनबो प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** सिंदरी के रांगामाटी रेनबो कल्ब ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय रेनबो प्रिमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट का समापन रविवार को हुआ। जिसमें रेनबो क्लब चैंपियन हुआ। 10 - 10 ओवर के मैच के टूनामेंट के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री सोनू गिरी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैच को देश ही नहीं पूरा विश्व अपनी नजरों से ओझल नहीं करना चाहता है। क्रिकेट अभी सब की पसंद बनकर उभरा है। उन्होंने हारी हुई टीम की हौसला अफजाई किया। प्रिमियर लीग में सिंदरी व आसपास की 18 टीमों ने भाग लिया था। इसमें रेनबो कल्ब की मेजबान टीम और डोमगढ़ इलेवन की टीम फाइनल में पहुंची थी। रेनबो कल्ब की टीम ने सन्नी कुमार की कप्तानी में 10 ओवर में 175 रन बनाए थे। हालांकि डोमगढ़ इलेवन की टीम ने लड़ते हुए 10 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। टूर्नामेंट में फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच डोमगढ़ इलेवन टीम के रितुराज रहे। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रेनबो कल्ब टीम के गन्नी खान को घोषित किया गया। रेनबो प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में रंजीत निषाद, रोहित सिंह, संतोष पासवान, महेश चौधरी सहित कई अन्य शामिल थे।

## खनिक दिवस पर गजलीटांड़ के शहीद खनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला खनिक दिवस के अवसर पर गजलीटांड कतरास कोलियरी परिसर में 1995 , 26 सितंबर को शहीद हुए खनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। झरिया की सामाजिक और शैक्षिक परिजोजना कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज ने आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। संस्था के संस्थापक पिनाकी राय ने बताया कि कोयला खनिक दिवस पर बच्चें ने गजलीटांड में जा कर मोमबत्ती जला कर श्रमिकों को याद किया, इससे राष्ट्रभावना जागृत होती है। कार्यक्रम में पिनाकी राय, सुमन कुमारी, अनंगगारी राय, दुर्गा कुमारी, नंदिनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, दुर्गी कुमारी, राजवीर कुमार, राजू कुमार, आदित्य कुमार सह गजलीतंद कोलियरी के भोला साब, विकास सिंह, नेहा सिंह, श्रेया सिंह, रोशन कुमार, आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत से कार्यक्रम समापन हुआ।

## भाजप चतरा नगर मंडल की बूथ संख्या 439 व 440 की बैठक हुई सम्पन्न

**चतरा :** 'बुथ जीतो, चुनाव जीतो' संकल्प के साथ भाजपा चतरा नगर मंडल के बूथ संख्या 439 एवं 440 का बैठक भाजयुमो जिला मंत्री सह बुथ अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा उपस्थित रहे। इस बैठक में विद्यासागर आर्य जी के द्वारा बुथ साक्तिकरण को लेकर अपना विचार भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच रखा गया। राजेश झा ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील किया। वही जितेंद्र पांडेय ने कहा कि भाजपा जिले के सभी बूथों से ज्यादा प्रतिशत से बूथ संख्या 440 में भाजपा जीतेगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जमसं ने बस्ताकोला में की बैठक



**चुनाव**

**झरिया (धनबाद) :** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को जनता मजदूर संघ बस्ताकोला की आवश्यक बैठक हुई। अध्यक्षता राम कृष्ण पाठक ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान हेतु अपील की। साथ ही माइंस रेस्क्यू मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हरेराम सिंह, धीरेंद्र सिंह, हरे राम कुमार, अक्षय प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप सिंह, पारस यादव, मनोज यादव, गौतम चौहान, टारजन भुइया, टाइगर चौरसिया, राहुल वर्मा, शोभा देवी, कंचन चौहान, नितेश पासवान, रमेश राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लोकसभा प्रत्याशी ने झारखंड किन्नर समाज की अध्यक्ष छमछम देवी से मिल कर जीत का लिया आशीर्वाद





**जोड़ापोखर (धनबाद) :** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह एवं गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने अपनी अपनी जीत को लेकर रविवार को झारखंड किन्नर समाज के अध्यक्ष छमछम देवी से उसके जामाडोबा आवास पर मिलकर जीत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह और मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि छम छम देवी ने हमदोनों को दिल से जीत का आशीर्वाद दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के शासन में सिर्फ भाईचारा को तोड़ने कि ,महंगाई बेरोजगारी बढ़ाने, गिने चुनें उद्योगपतियों का कर्जा माफ करने तथा जुमलेबाजी कि गारंटी है। मोदी कि जुमलेबाजी से देश के जवान, नौजवान, किसान मजदूर सब परेशान है। देश में बदलाव कि लहर है, इसलिए महागठबंधन प्रत्याशियों कि जीत पक्की होने का दावा किया है। उनका एकमात्र लक्ष्य संसदीय क्षेत्र में रोजगारमुखी विकाश करना है। इस अवसर पर छमछम देवी ने कहा है की धनबाद एवं गिरिडीह में बेरोजगार युवाओं की एक फौज खड़ी हैं जिसका समाधान करने की जरूरत है।

# भारत में समाजवादी क्रान्ति का रास्ता नयी दलित क्रान्ति ही है : मासस जिलाध्यक्ष

**कार्ल मार्क्स जयंती**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को मार्क्सवादी समन्वय समिति, धनबाद जिला कमिटी की ओर से टेम्पल रोड पुराना बाजार स्थित केंद्रीय कार्यालय में काल मार्क्स की जयन्ती के अवसर पर एक विचार गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्टी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कॉमरेड बिन्दा पासवान एंव संचालन सुभाष चटर्जी ने किया। गोष्टी के प्रारंभ मे काल मार्क्स की तस्वीर पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पित की गई। सर्व प्रथम मशविदा का सुभाष प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप मे मासस के वरीय नेता कॉमरेड हरि प्रसाद पप्पू ने मार्क्सवाद के जीवन संघर्ष को विस्तृत रूप से रखे, और कहा कि भारत की राजनीत का भविष्य समाजवादी दिशा ही है। इसी रास्ते से एक नया और विकसित भारत बन सकता है। चुनावी राजनीत मे बडी-बडी राष्ट्रीय पार्टियां लफाजी एंव डपोरशंखी वादो से देश को दिग्भ्रमित कर रही है। मासस जिलाध्यक्ष कॉमरेड बिन्दा पासवान ने कहा कि भारत में समाजवादी क्रान्ति का रास्ता नयी दलित क्रान्ति ही है जो कॉमरेड ए.के. राय ने कही है। गोष्टी को संबोधित सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, विजय कुमार




पासवान, नरेश पासवान, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, विश्वजीत राय, ललिता देवी, राकेश कुमार सिंह, रामलाल दा, बिनोद रवानी, संतोष रवानी, सुरेश पासवान, धर्म बाउरी, भुषण महतो, चौधरी भुईया, मो. औरंगजेब खान, मो. रियाज अंसारी, भोला रवानी, चन्द्र मोली पांडे, मो. इम्तियाज, जगदीश साव, संजय पासवान सुशांत नायक आदि ने किया।

## कार्ल मार्क्स की जयंती पर माकपा ने समारोह का किया आयोजन

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** रविवार 5 मई को कार्ल मार्क्स की 202 वीं जयंती पर बलियापुर में माकपा की सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी की ओर से जयंती समारोह आयोजित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो तथा काली सेन गुप्ता ने कहा कि साम्यवाद के जन्मदाता कार्ल मार्क्स थे। कार्ल मार्क्स महान दार्शनिक थे। मार्क्स ने बताया कि पूंजीवाद में किस प्रकार श्रमिकों का शोषण होता है। इसलिए बैगर पूंजीवाद के खात्मा किए, मजदूर वर्ग का शोषण समाप्त नहीं हो सकता है। मार्क्स के विचार से प्रेरणा



लेकर मजदूर और किसान वर्ग को एकजुट होकर शोषण के खिलाफ खड़ा होना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समीरन बिद तथा संचालन लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में उपासी महतोइन, रानी मिश्रा, सूर्यकुमार सिंह, सुबल मल्लिक, राम लायक राम, शिबू कुमार राय, राज नारायण तिवारी, आर के मिश्रा आदि मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

# कांग्रेस का दांव कितना सही !

**कांग्रेस** ने रायबरेली और अमेठी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने अपने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बना कर उत्तर भारत में मतदाताओं को प्रभावित करने का आक्रामक रुख दिखाया है। विगत कुछ दिनों से इन सीटों के सम्भावित उम्मीदवारों को लेकर जैसा गहन विमर्श चल रहा था, उससे स्पष्ट है कि यह केवल दो सीटों का मामला नहीं रह गया था। ये दोनों सीटें न केवल लम्बे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं, बल्कि गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा भी मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक अवसरों पर इन सीटों का प्रतिनिधित्व गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गया है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, जिसे भरे जाने की आवश्यकता बहुत गम्भीरता से महसूस की जा रही थी। इसमें दो राय नहीं कि रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को प्रत्याशी बनाने का निर्णय करने में कांग्रेस ने काफी देर की है। इस देर को लेकर तरह-तरह की अटकलें भी लगती रहीं। लेकिन, राजनीति में विलम्ब का भी अपना शास्त्र होता है। यह दावे से नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस नेतृत्व या गांधी परिवार के निर्णय में हुई देर के पीछे अनिश्चय या असमंजस की ही भूमिका थी। इसकी कई और व्याख्याएं की जा सकती हैं। सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा नहीं होने के निर्णय पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। भाजपा के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से पलायन बता रहे हैं। हालांकि, प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में देखा जायेगा। बहरहाल, राहुल गांधी को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बना कर कांग्रेस पार्टी ने संकेत दिया है कि साउथ के राज्यों से विशेष उम्मीदें रखते हुए भी उसने नॉर्थ और विशेषतः उत्तर प्रदेश में अपनी रुचि कम नहीं होने दी है। यह ठीक है कि राज्य में कांग्रेस का संगठनात्मक आधार हाल के वर्षों में काफी कमजोर हुआ है, बावजूद इसके यह राजनैतिक संदेश काफी महत्त्व रखता है। अभी पांच चरणों के मतदान शेष हैं। कांग्रेस नेतृत्व और गांधी परिवार का यह अंदाज उत्तर भारत में मतदाताओं के मन को कितना प्रभावित कर पाता है अथवा प्रभावित कर पाता भी है या नहीं, यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

## किसने क्या कहा



सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे चुनाव

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

नरेन्द्र मोदी फिर जीते, तो आरक्षण समाप्त कर देंगे



**राहुल गांधी**
**कांग्रेस नेता**

# वार पर वार करने से क्या फायदा ?

**विशेष** — राकेश अचल

**शरणार्थी** को वापस लौटा दें ? ये तो राजधर्म नहीं है न? राम जी ने कभी विभीषण और उसके बाद आने वाले राक्षसों को वापस लौटाया था क्या? अर्थात रामभक्त और रामदास भाजपा का शरणार्थी शिविर खुला था, सो खुला ही रहेगा कांग्रेसियों के लिए। कांग्रेस में जब भी किसी का दिल टूटे, उपेक्षा हो, तो वह बेधड़क भाजपा में शामिल हो सकता है। भाजपा का कांग्रेसीकरण ही भाजपा की प्राथमिकता है। कांग्रेसियों को शासन करने और भ्रष्टाचार करने में महारत हासिल है और भाजपा को इसकी सख्त जरूरत है चार सौ पार करने के लिए। माननीय मोदी जी कितने दरियादिल हैं, इसका उदहारण हाल ही में देखने में आया। माननीय मोदी जी ने बिहार में विहार करते हुए दरभंगा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव को भी शाहजादे की उपाधि दे दी।

**अजब** राजनीति है ,गजब राजनीति है। आज की राजनीति में राजनीति पर बात ही नहीं हो रही। राजनीति पर बातचीत के अलावा हर विषय पर बात हो रही है। और तो और अब काल्पनिक उपाधियाँ राजनीति का विकल्प बन गयीं है विमर्श के लिए। राजनीतिक दलों को एक -दूसरे पर वार करते देख हमारे पड़ौसी पाकिस्तान ने भी हमारी सेना पर आतंकी हमला कर दिया । क्योंकि वार प्रति वार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी बार-बार पाकिस्तान को घसीट रहे थे ,जबकि बेचारा पाकिस्तान अपनी ही समस्याओं से बाहर निकल नहीं पा रहा है। बात शुरू करते हैं उपाधियों से। माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जी ने कांग्रेस के नेता माननीय राहुल राजीव गांधी को शहजादे कहना शुरू किया तो कांग्रेस दस साल तो मौन रही लेकिन अब शाहजादे की सहोदरा प्रियंका ने मोदी जी को ही शंहशाह बताना शुरू कर दिया है। प्रियंका कहतीं है कि उनके भाई ने तो पैदल 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर भारत को जोड़ने की कोशिश की है लेकिन शंहशाह माननीय नरेंद्र भाई मोदी महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है ? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वो कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो. महंगाई से आप दब चुके हो. हर तरफ महंगाई, मेरी बहनें... मिट्टी का तेल आज कितने का है? सब्जी खरीदने जाती हो,मिलती है क्या? भाव क्या है उसका ?
आपको बता दूँ कि जैसे मै टीवी पर नेताओं के दर्शन नहीं करता, उनके प्रवचन नहीं सुनता वैसे ही अखबारों में भी नेताओं की बातों पर ध्यान नहीं देता । मै नौन,तेल ,लकड़ी से ही नहीं उबर पाता फिर भी सबकी बातें कानों में पड़ ही जातीं हैं। मै कभी-कभी सोचता हूँ कि यदि राहुल गांधी शाहजादे हैं तो फिर अम्बानी और अडानी के तो जिल्लेइलाही से बढ़कर ही होंगे,क्योंकि उनके पास तो राहुल गाँधी और नरेंद्र भाई मोदी से ज्यादा धन-दौलत है । अडानी और अम्बानी तो कभी देश जोड़ने सड़कों पर नहीं निकलते। उन्हें तो देश में नौन ,तेल,लकड़ी आटा का भाव मालूम नहीं होगा ! हमारे देश की जनता बड़ी भोली-भाली है ,आजकल तो आधी जनता अंधभक्ति में भी डूबी है। जनता माननीय मोदी जी की बात पर भरोसा कर जैसे राहुल गांधी को शाहजादा नहीं मान रही मुझे लगता है कि प्रियंका के कहने पर मोदी जी को शहंशाह नहीं मानेगी।बकौल मोदी जी कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विश्वास खो चुके हैं। इस समय देश में शहंशाह तो हमारे अमिताभ भाई बच्चन ही हैं। हाँ मोदी जी राजनीति के शहंशाह हो सकते हैं ,क्योंकि उनके पास सब कुछ है लेकिन एक अदद साइकल नहीं है।अब तो माँ भी नहीं है ।पत्नी को वे पहले ही त्याग चुके हैं भारत में जिस देश के पास साइकिल भी न हो,माँ न हो ,पत्नी न हो उसे शहंशाह कहना भारत में शहंशाह रहे तमाम शंशाहों की तौहीन है। खुला अपमान है। बहरहाल दाल-भात में मूसलचंद की तरह माननीय मोदी जी ने जब बार-बार पाकिस्तान को भारत के चुनावों में घसीटा तो वो सचमुच भारत आ ही गया । पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिखा दिया कि पाकिस्तान के आतंकी किसी 56 इंच के सीने वाले से नहीं डरते। पाकिस्तान को इस हिमाकत की सजा मिलना चाहिए। मुमकिन है कि मतदान का तीसरा चरण पूरा होते-होते ये छोटा सा आतंकी हमला पुलवामा काण्ड की तरह बड़ा स्वरूप ले ले। भले ही ये सब देशहित में नहीं होगा लेकिन इससे सत्तारूढ़ दल की डूबती नाव तो बचाई जा सकती है। मुझे कभी -कभी आशंका होती है कि मोदी जी राहुल की तरह बार-बार पाकिस्तान को भी उकसाते रहते हैं कि आ बैल मुझे मार। मोदी जी सनातनी आदमी हैं। सनातन को मानते हैं लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को नही। वैसे ये उनके मन की बात है । पिछले दिनों जब इसरो के वैज्ञानिकों ने अपना तमाम कामकाज छोड़कर माननीय के निर्देश पर रामलला को सूर्यतिलक कराया था तब माननीय मोदी जी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अयोध्या नहीं गए था । उन्होंने अपने हैलीकाप्टर में ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बाकायदा अपने जूते उतारकर इस दृश्य को देखा था। लेकिन अब मोदी जी का मन बदल गया है। वे उत्तरप्रदेश में राहुल गांधी की वापसी के बाद अयोध्या जाकर न सिर्फ वहां रोड शो करेंगे बल्कि रामलला के दर्शन भी करेंगे । अब किसी आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं होगा। हो भी जाये तो कौन परवाह करता है।? रामलला बड़े कि केंचुआ ? संयोग से हमारे देश की आदर्श चुनाव संहिता में चुनाव प्रक्रिया के चलते दल-बदल करने पर कोई रोक नहीं है। इसी का लाभ लेते हुए भाजपा कांग्रेस के हाथों से उनके बम ही नहीं छुड़ा रही बल्कि फेयर एंड लवली को भी अपनी पार्टी में शामिल करने से नहीं हिचक रही। एन मतदान के दिन तक दल-बदल स्वीकार कर रही है । मियाँ-बीबी राजी तो क्या करेगा काजी ? कांगेसी यदि भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो मोदी जी क्या करें ?

# विरासत के सहारे जीत की तलाश

**गौरतलब** — सुरेश हिंदुस्तानी

**राजनीति** में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस की स्थिति कमोवेश ऐसी ही है, जिसमें कांग्रेस के बड़े बड़े नेता देश की संसद में पहुँचने के लिए सुरक्षित सीट की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस में राहुल गांधी भले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन उनकी हैसियत आज भी अध्यक्ष से कहीं अधिक है। परन्तु सवाल यह है कि राहुल दो सीट से चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। क्या उनको अपनी जीत के प्रति अंदेशा है या फिर उनको एक और पराजय का भय सता रहा है। पहले राहुल गांधी अमेठी में हार का स्वाद चख चुके हैं। अब वायनाड से रायबरेली आकर फिर से कई प्रकार से सवाल छोड़ दिए हैं। हालांकि कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रचारित किया जाता है, इसका तात्पर्य यही है कि राहुल को देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ने में किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस उनके लिए सुरक्षित ठिकाने ढूंढकर खुद ही संशय की स्थिति निर्मित कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया।

**कांग्रेस** की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहाँ से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थीं, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

## आज का इतिहास

- 1529 में हुए घाघरा के युद्ध में बाबर ने बंगाल और बिहार के शासकों को पराजित किया।
- हेनरी अष्टम ने 1536 में हर चर्च में बाइबिल रखे जाने का आदेश दिया।
- ब्रैंडनबर्ग के मोनार्क फ्रेडरिक विलेम ने नीदरलैंड के साथ समझौते पर 1672 में हस्ताक्षर किये।
- पहला अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग मैच 1733 को खेला गया।
- हैती में 1794 में फ्रांस के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ।
- ब्रिटेन ने 1804 में सुरीनाम द्वीप को खरीदा।
- जॉन डेरे ने 1833 में इस्पात का पहला हल बनाया।
- अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क हेराल्ड का 1835 में प्रकाशन प्रारम्भ हुआ।
- ब्रिटेन में पहला डाक टिकट पेनी ब्लैक 1840 में जारी हुआ।
- जोसेफ स्टालिन 1841 में रूस के प्रधानमंत्री बने।
- अमेरिका के नार्वाक में 1853 में हुए पहले बड़े रेल हादसे में लगभग 46 लोगों की मौत हुई।
- फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित विश्वप्रसिद्ध एफिल टावर 1889 में आधिकारिक रूप से जनता के लिए खोला गया।
- ब्रिटिश शासक एडवर्ड सप्तम के निधन के बाद 1910 में उनका बेटा जार्ज पंचम गद्दी पर बैठा।
- 1944 में पुणे के आगा खान पैलेस से गांधीजी रिहा हुए।
- जाकिर हुसैन 1967 में भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति बने।
- इटली में 1976 में आए विनाशकारी भूकंप से 989 लोगों की मौत हुई।
- फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुँचने वाली विश्व की प्रथम महिला 1997 में बनी।
- चीन ने सिक्किम को 2004 में भारत का अंग माना।
- संयुक्त राष्ट्र ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन की सूची में 2005 में डाला।
- दुनिया की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक पोर्टर ग्रास ने 2006 में अपने पद से इस्तीफा दिया।

## सुविचार

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है, लेकिन पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

**महाभारत**

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्। (कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं)

**गीता**

## अंकजाल - 7539

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 19 | 22 | ■ | 23 | 22 | 17 | 16 | ■ |
| 14 | | 2 | | ■ | | 8 | | 2 | 26 |
| 16 | 3 | | 5 | ■ | 6 | | 3 | | 22 |
| 18 | | 4 | | ■ | | 7 | | 8 | 22 |
| 25 | 7 | | 3 | | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | 27 |
| 18 | 7 | | 5 | | ■ | | 2 | | 12 |
| 20 | | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 21 | 11 | 13 | 27 | ■ | 28 | 26 | 16 | ■ |

*अंकजाल 7538 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 21 | 21 | ■ | 32 | 21 | 12 | 19 | ■ |
| 12 | 2 | 7 | 3 | ■ | 4 | 5 | 4 | 9 | 22 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 16 | 8 | 2 | 6 | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 4 | 6 | 8 | 18 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 19 | 18 | 22 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## नफरत का बोझ

**बहुत** पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह।

# अस्तित्व के संकट से जूझतीं कम्यूनिस्ट पार्टियां

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**देश** की कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय पूरे देश में वामदल काफी प्रभावी थे। सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी। पर कुछ समय के बदलाव तो कुछ अपने धत्कर्मों की वजह से वामदलों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है।
प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलिट ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है।
गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है। एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों के अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है।

## राशिफल

**मेष** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला** — अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**वृष** — समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** — पर-प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। साथ ही, आगे के लिए रास्ता भी बन जायेगा।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कर्क** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर** — खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा।

**कुंभ** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा।

**मीन** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

# हेल्थ सिस्टम में नर्सिंग पेशे का योगदान अतुलनीय

**गौरतलब** — डॉ. रमेश ठाकुर

**बिना** नर्स के समूचा चिकित्सा तंत्र अधूरा है क्योंकि वह अस्पतालों की रीढ़ होती हैं। वे अपने कर्तव्य, समर्पण और प्रतिबद्धता से चिकित्सीय पेशे का संचालन करती हैं। सालाना 6 मई को 'राष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया जाता है। पिछले वर्ष यानी 2023 को इस दिवस की थीम थी 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य'। राष्ट्रीय नर्स दिवस की स्थापना किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं की गई थी, बल्कि 1982 में संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा की गई। ये दिवस नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय नर्स दिवस ऐसा दिन है, जो नर्सों के योगदान और उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान और जश्न मनाने के लिए होता है। वैसे इस दिवस को पूरे एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। यानी 6 से 12 मई तक।
गौरतलब है कि ये पेशा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों को रोकने और विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों की देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सें देश के विभिन्न अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में काम करती हैं। दवाइयां देने, मरीजों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने, मरीजों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और मरीजों की देखभाल के बारे में अन्य स्वास्थ्य देखभाल और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बड़ा अस्पताल हो, या फिर कोई प्रसिद्ध चिकित्सक, बिना नर्सिंग स्टॉफ के कोई भी मरीजों का इलाज नहीं कर सकता।

**वैश्विक** स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है। इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है। भारत में नर्सों की संख्या करीब 28 लाख के करीब है, जिसमें प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। आज पूरे भारत में लाखों की संख्या में नर्सिंग कॉलेज-स्कूल संचालित हैं, क्योंकि नर्सों की डिमांड दिनोंदिन बढ़ जो रही है। नर्सों के काम की जितनी भी प्रशंसा की जाये, कम है। आज उनके साहस और निष्ठा प्रयाण कर्तव्य की प्रशंसा करने का दिन है।

सामान्य दिनों के मुकाबले कोविड काल में पूरे संसार ने नर्सों के योगदान को करीब से देखा था। वो ऐसा वक्त जब संक्रमितों के नजदीक जाने मात्र से लोग कतराते थे। तब, नर्सें ही मरीजों की देखरेख में लगी थीं। नर्सिंग क्षेत्र के योगदान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उनके समकक्ष स्वास्थ्य संगठनों ने हेल्थ कर्मियों पर अधिक निवेश करने की वकालत की है। वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है। इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है। भारत में नर्सों की संख्या करीब 28 लाख के करीब है जिसमें प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। आज पूरे भारत में लाखों की संख्या में नर्सिंग कॉलेज-स्कूल संचालित हैं। क्योंकि नर्सों की डिमांड दिनोंदिन बढ़ जो रही है।
नर्सों के काम की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। आज उनके साहस और निष्ठा प्रयाण कर्तव्य की प्रशंसा करने का दिन है। भारत में नर्सों के साहस की सराहना न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं, बल्कि हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने भी इसे सराहा है। इंजेक्शन लगाने से लेकर, मरहम-पट्टी आदि की जिम्मेदारी सिस्टरों के सिर होती है। हालांकि नर्सिंग क्षेत्र में पुरुष स्टाफ भी हैं, लेकिन महिलाओं के मुकाबले काफी कम हैं। कमी के दो मूल कारण हैं। अव्वल, महिला नर्स में मरीजों को ममता की करुणा दिखती हैं।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### किराना दुकान से चोरों ने एक लाख के सामान चुराये

**मेदिनीनगर** : सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबियाखांड में अविनाश कुमार साव के किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने रात्रि में दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गये। चोरों ने एक लाख के सामानों की चोरी कर ली। भुक्तभोगी अविनाश साव ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह अपना दुकान बंद कर रात्रि में घर चले गये। किसी व्यक्ति ने उन्हें मोबाईल पर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। भुक्तभोगी जब दुकान आये तो पाया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। कई सामान गायब हैं। उन्होंने बताया कि चावल 10 बोरा, सरसो तेल 32 केजी, रिफाईन , जीरा मरीच, चीनी समेत कई कीमती सामान लेकर भाग गये। चोर जाते समय फ्रीज को क्षतिग्रस्त कर दुकान से कुछ दूरी पर फेंक दिया। चोरी की जानकारी सतबरवा थाना को दी है। सतबरवा के एएसआई सुबोध कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर भुक्तभोगी से चोरी की जानकारी ली। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि भुक्तभोगी अविनाश कुमार साव द्वारा मामला दर्ज करने के लिए आवेदन नहीं दिया गया है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रभारी ने कहा कि चोरी की घटना में शामिल चोर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा साथ ही पुलिस द्वारा छापेमारी कर रही है ताकि चोर पकड़ा जाएं।

### राम के सहारे नहीं, अपनी पहचान के सहारे वोट मांग रहा हूं: गणेश रवि

**मेदिनीनगर** : भाजपा दे दे राम दिल दे राम, के सहारे, जबकि मैं अपनी पहचान और काम के सहारे मतदाताओं से वोट मांग रहा हूं। पलामू लोकसभा क्षेत्र के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने आज अपने चुनावी प्रचार अभियान के क्रम में डाल्टनगंज विधानसभा के कई गांव का दौरा कर लोगों से मतदान की अपील की श्री रवि ने चैनपुर प्रखंड के चट्टीपर, भरगावा, पोड़रा, शाहपुर, कलुआ, चेराबाड़, पुरबडीहा में मतदाताओं से मिलकर केतली पर मतदान की अपील की श्री रवि ने कहा कि मतदाताओं का प्यार और सहयोग जबरदस्त तरीके से मिल रहा है। मतदाताओं ने कहा कि पूरे क्षेत्र में जल संकट व्याप्त है। सरकारी योजनाएं धरातल पर नहीं दिख रही है। सांसद विधायक सिर्फ अपनी देखते हैं। पलामू की जनता का हाल बेहाल है। श्री रवि ने कहा कि वह पलामू सांसद बनते ही पलामू के किसानों के लिए पानी बिजली फ्री किसानों के लिए कृषक यंत्र खाद बीज विभाग से फ्री दिलवायेंगे। पलायन पर रोक लगाने के लिए संसद में जोरदार आवाज उठाएंगे। किसानो की कर्ज माफी के लिए आवाज उठाएंगे। कृषक मंच बनाकर मांग को पूरा करने के लिए जोरदार संघर्ष करेंगे।

### पति ने पत्नी की पीट-पीट कर की हत्या, गिरफ्तार


**लातेहार** : गारू थाना क्षेत्र के कबरी कोटाम गांव निवासी राजू यादव ने अपनी पत्नी की आपसी विवाद में पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से राजू यादव ने पत्नी के शव को जंगल में ले जा कर जलाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार गुमला जिला के विशुनपुर थाना क्षेत्र के करवा जंगल मे एक महिला का अधजला शव ग्रामीणो ने देखा। ग्रामीणो ने इसकी सूचना विशुनपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर विशुनपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर महिला के शव को बरामद किया। महिला की पहचान सीमा देवी पति राजू यादव के रूप मे हुई। इसके बाद विशुनपुर पुलिस ने इसकी सूचना गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार को दी। सूचना पर सोनू कुमार ने आरोपी पति राजू यादव को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार देर शाम विशुनपुर पुलिस गारू पहुंची और आरोपी को अपने साथ गुमला ले गयी। मृतक के मायके वालो ने बताया कि राजू यादव हमेशा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। दोनो की शादी 13 साल पहले हुई थी और शादी के बाद से ही राजू उसके साथ मारपीट करता रहता था।

# लोस निर्वाचन के जागरूकता अभियान में करें सहयोग

■ 07 मई को अपराह्न 06 बजे से 08 बजे तक सोशल मीडिया कैम्पेन में भाग लेने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : लोकसभा चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान कराने के उद्देश्य से पूरे देश में विभिन्न तरीकों, चरणों, स्थानों आदि में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार के स्तर से पूरे राज्य में आगामी मंगलवार को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionfAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन चलाने के निर्देश प्राप्त है। ऐसे में इस कार्य को सफल बनाने में आप सभी मीडिया के प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। उक्त बातें स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने जिले के विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधियों व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में कही। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर से इस सोशल मीडिया कैंपेन को समाज के हर तबके तक पहुंचने में सहयोग करें ताकि इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारियों से कहा कि इस कार्य हेतु मल्टिपल




स्टेकहोल्डर, इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब, बूथ अवेरनेस ग्रुप को एक्टिव करने की बात कही। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्रज्ञा केंद्रों,जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, जिले के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सहित अन्य लोगों को इस कार्य से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों को इस अभियान से जोड़ें ताकि उन्हें 13 मई को मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बारे में विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करें ताकि अधिकाधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके। उन्होंने ऑनलाइन जुड़े सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि आप सब भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में आप कुछ भी यूनिक कंटेंट या मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर # Main BhiElectionfAmbassad or हैशटैग के साथ अपलोड करें। इस गूगल मीट में उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य उपस्थित रहे।

## छह मुहान से समाहरणालय परिसर तक दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मेदिनीनगर** : स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को दिव्यांगों के संगठन की ओर से शहर के छःमुहान से समाहरणालय परिसर तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न दिव्यांगजन शामिल हुए। रैली को छ : मुहान से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल सभी दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न नारों को बुलंद किया और लोगों से 13 मई को मतदान करने की अपील की इस दौरान आम लोगों के बीच स्वीप पम्पलेट का भी वितरण किया गया। रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्यान पदाधिकारी सेवाराम साहू ने सभी को मतदान हेतु शपथ दिलाया।

## नीट की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न चाक-चौबंद थी व्यवस्था




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : मेदिनीनगर के तीन परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट (यूजी) 2024 की प्रवेश परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हुई। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल केंद्र पर 928 में 900, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर केंद्र पर 312 में 301 व ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल केंद्र पर 312 छात्र में 306 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था थी। इनोवेटिव एजेंसी द्वारा गठित फ्रिस्किंग दल ने सभी परीक्षार्थियों की अलग-अलग शारीरिक जांच कर, बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं अभिलेख सत्यापन कर कक्षा- कक्ष में भेजा। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर पलामू डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संस्था एनटीए 2019 से नीट (यू.जी) की प्रवेश परीक्षा आयोजित करती है और परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने में सक्षम है। पलामू में इस परीक्षा का केंद्र बनना हजारों बच्चों के लिए सुविधाजनक एवं हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम एनटीए एवं जिला प्रशासन पलामू की अपेक्षाओं पर खरा उतरे। डॉक्टर खान ने तीनों केन्द्रों का भ्रमण कर सुविधाओं को संतोषजनक पाया।

## भाजपा ने हामी पंचायत में लगायी चौपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा लोकसभा क्षेत्र महुआडांड़ के पंचायत हामी के आम बगीचा मैदान में रविवार को भाजपा ने पथ सभा आयोजित की।जहां हामी पंचायत के प्रभारी सह मंडल महामंत्री जमूना प्रसाद के नेतृत्व में चौपाल लगाया गया। वहीँ परहाटोली पंचायत में मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के नेतृत्व में भी चौपाल लगाया गया।इस दौरान भाजपा के 10 वर्षों के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आने वाले 2047 तक के कार्यक्रम को बताया गया। हामी पंचायत के चौपाल में आये सैकड़ो ग्रामीणों ने फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाये। इस अवसर पर मनिका विधानसभा के कोर कमिटी सदस्य भुवनेश्वर सिंह



ने कहा कि मोदी की नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ, विश्व के पटल में एक अलग पहचान। भाजपा सरकार के दौर में हर नागरिको को अधिकार मिल रहा है। राम मंदिर का फैसला आया, मंदिर भी बना, कहा चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीकरण सिंह को हम भारी मतो से जीत दिलाकर मोदी के सपनो को साकार करें। मौके पर भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष केशवर प्रसाद, पंचायत संयोजक, सुरेश नाथ शाह, कामख्या नाथ शाह, संजय राय समेत बूथ अध्यक्ष दशरथ नगेसिया, कपील देव सिंह, रघुनाथ राम, विशनाथ राम, केशवर यादव, उदय यादव, भानू प्रसाद आंनद नाथ शाह, अजय उरांव राम जायसवाल प्रदीप नाथ शाह रामनाथ नायक दशरथ यादव सुखराम खेरवार सोमराज यादव सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता महिला पुरुष उपस्थित थे।

## शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत एलेक्शन फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जिले में कई तरह के स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय शिवाजी मैदान में भव्य इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रशासन की तरफ से उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा व जेएसएलपीएस डीपीएम शांति मार्डी उपस्थित रहे।



**शिवाजी मैदान की दोनों तरफ लगे थे 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल, सभी स्टॉल से 13 मई को मतदान करने के लगे थे स्टीकर**

**शिवाजी** मैदान के दोनों तरफ अलग-अलग प्रकार के कुल 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाये गये थे,सभी स्टॉल से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। सभी पदाधिकारियों ने भी विभिन्न स्टॉल पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में आगंतुक भी पहुंच रहे थे।

## भीषण गर्मी में लोगों की पहली पसंद बनी तरबूज, बढ़ी बिक्री

**नीरज सिन्हा**

**लातेहार** : जिल में भीषण गर्मी में सूख रहे गले को तरोताजा करने के लिए तथा प्यास बुझाने के लिए पानी के अलावा लोगो की पसंद तरबूज,खीरा,ककड़ी बन गया है। इस चिलचिलाती धूप एवं कंठ सूखा देने वाली लू की थपेड़ों से निजात पाने के लिए यह सस्ता एवं सरल उपाय साबित हो रहा है। लातेहार जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार हो या अन्य छोटे बड़े चौक चौराहों पर बड़े पैमाने पर तरबूज,खीरा,ककड़ी पिकअप भान, ट्रक एवं ट्रैक्टर से आपूर्ति हो रहे हैं, जो सुबह होते ही बिक भी जा रहा है। तरबूज का महत्व तब दिखने लगता है।जब शहर के मुख्य मार्ग पर सवारी गाडियां यात्रियों सहित यात्री चढ़ने



अथवा उतारने के लिए रुकते है तो सुख रहे गले को तरोताजा करने लिए यात्री तरबूज खा कर अपनी सुख रहे गले को तरोताजा कर सकून महसूस करते देखे जा रहे है । तरबूज के थोक एवं खुदरा विक्रेता राजू कुमार ने बताया की बढ़ती गर्मी में तरबूज की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा की तरबूज रांची, गोपालगंज व अन्य जिले से लाई जाती है । उन्होंने बताया की खड़ा तरबूज 15 रुपए किलो ग्राम एवं काट कर 20 रुपए किलोग्राम के दर से बिक रहा है। वही तरबूज विक्रेता अफरोज ने बताया कि अभी यह फल हम आर्डर पर मंगवाते हैं। आढ़ती आर्डर के मुताबिक यह माल हम तक पहुंचाता है जिस कारण फल की कीमत व खर्चा डालकर यह फल काफी महंगा पड़ जाता है। उसने बताया कि जब पंजाब में पैदा होने वाली तरबूज की फसल मार्केट में आते ही इसके मूल्य में काफी गिरावट आ जाती है और हमारा धंधा दोगुणा हो जाता है। जैसे-जैसे माल की आमद बढ़ती है माल की क्वालिटी भी अच्छी होती जाती है। उसने बताया कि जब तक दिन का तापमान 41-42 तक रहता है तरबूज की सेल चरम सीमा पर रहती है। बरसात होने के साथ ही बाजार में तरबूज की बिक्री 50 प्रतिशत तक गिर जाती है। उसने बताया कि खरबूजा व तरबूज एक साथ ही मार्केट में उतरते हैं। जब खरबूजा भारी मात्रा में बाजार में आ जाता है तो भी तरबूज की बिक्री बहुत कम हो जाती है। उसने बताया कि थोक में माल बेचने वाले को इतना मुनाफा नहीं मिलता और न ही उत्पादक को इसका मुनाफा मिलती है क्योंकि आढ़ती व दलाल उनका मुनाफा खा जाते हैं। गौरतलब है कि मिलावट के युग में तरबूज भी मिलावट और दवाइओं से पका कर मार्केट में बेचा जा रहा है। जिससे इन्सानी जिन्दगी व वातावरण दोनों ही दूषित हो रहा है।

## मनिका में आईएनडीआईए की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार** : मनिका प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार को आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे राजद के प्रखंड अध्यक्ष राम सेवक उरांव, भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य अजय यादव,महा सचिव सरयू यादव,कांग्रेस जिला महासचिव विश्वनाथ पासवान,युवा कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, पवन कुमार, सुखदेव सिंह, प्रमोद सिंह, मोहन ठाकुर,



हरिलाल यादव, तिलकधारी सिंह व अंजू यादव शामिल हुए। बैठक में आसन्न लोक सभा चुनाव में चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार किया गया। वहीं प्रत्येक बूथ में गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की रणनीति बनाई गई इसके लिए घर घर जा कर जन संपर्क के माध्यम से लोगों को कांग्रेस की नीति की जानकारी देने की बात की गई।

## जायरीनों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह टीकाकरण शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड हज कमेटी के प्रशिक्षक मौलाना नसीमउद्दीन काशमी के निर्देश पर हज 2024 में जाने वाले जायरीन-ए-हज के लिए मदरसा खैरुल उलूम परिसर में आयोजित जिला स्तरीय हज प्रशिक्षण सह टीकाकारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक ने कहा कि आप देश के आईना होते हैं।आपके कुशल व्यवहार से देश की छवि मजबूत होती है। इस्लाम के पांच फराइजों में हज अहम फराइज है। इसकी अदाएगी में समय, सालाहियत के साथ साथ माल भी लगता है। इसलिए पूरी तैयारी के साथ हज कि यात्रा शुरू करनी चाहिए। झारखंड हज कमेटी के प्रशिक्षक मौलाना जियाल्लाह मजाहिरी ने हज के दौरान अदा किये जाने वाले अरकान की जानकारी जायरीनों को विस्तार से दी। उन्होंने नीयत, एहराम, वाजिबात, तवाफ-ए-हरम, उमरा, मिना, मुज्दलफा, अराफात में हाजिरी एवं कुबार्नी से संबंधित कई जानकारियां दी।

## भंडारा के साथ श्री देवी मंडप का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नौ कन्या पूजन एवं भंडारा के साथ रविवार को शहर के थाना चौक में तेली मुहल्ला स्थित देवी मंडप सह नौ देवी पिंडी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय, रामेश्वर पांडेय व विवेक शुक्ला के सानिध्य में हवन व पुणार्हुति की गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संतोष कुमार पिंटू और रंजीत कुमार सपत्नीक मौजूद थे। हवन व पूणार्हुति के बाद नौ कन्या पूजन किया गया। इसके बाद भंडारा का प्रारंभ किया गया। भंडारा का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। भंडारे में विधायक बैद्यनाथ राम के अलावा लातेहार व आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को



सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ मंटू, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, अजीत कुमार, शुभम कुमार, आकाश कुमार व संदीप कुमार, सचिव रविंद्र प्रजापति, सतीष कुमार व आशीष कुमार व कोषाध्यक्ष बिंदेश्वर प्रसाद व आशीष कुमार के अलावा संरक्षक मंडली में रामधनी प्रसाद, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, भोला प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, सूरज साहू व प्रदीप प्रसाद आदि सक्रिय हैं. उपाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों के प्रति आभार प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान सफल नहीं हो पाता है. मौके पर अभिनंदन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, रौशन कुमार, चिंटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मंटू प्रसाद, सुधा देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, पुनिता देवी, देवंती देवी, संगीता देवी व मंजू देवी समेंत कई लोग मौजूद थे।

## बारात आने से पहले पहुंची पुलिस...और ले गयी दुल्हन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू तरहसी थाना इलाके में प्रशासन की टीम ने बाल विवाह को रुकवाया दिया है। यहां सातवी की छात्रा की बारात शनिवार को आने वाली थी, घर मे घृतढारी का रस्म चल रहा था। इसी क्रम में प्रशासनिक टीम ने छापेमारी कर लड़की का रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू के बाद लड़की को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासनिक टीम और संस्था लगातार बाल विवाह को रोकने के लिए अभियान चला रहे हैं। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने भी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आगे के छानबीन की जा रही है। प्रशासन व पुलिस की मदद से एक लड़की की शादी को रुकवाया दिया है। पुलिस के मदद से लड़की का रेस्क्यू किया गया है और उसे सीडब्ल्यूसी में पेश करने की तैयारी की जा रही है।बाल विवाह का दंश अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है,कुछ लोग लड़कियों के बचपन को ही खत्म कर देना चाहते हैं और उनकी शादी करवा देते हैं। हालांकि ऐसे में मामले को रोकने के लिए प्रशासन काफी एक्टिव दिखाई दे रहे है। पलामू के इलाके में अग्रगति नाम की संस्था बाल विवाह को रोकने के लिए अभियान चला रही है। संस्था को सूचना मिली थी कि पलामू के तरहसी के इलाके में एक सातवीं की छात्रा की शादी हो रही है।

# बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में उठाये जायें सख्त कदम : चंद्रशेखर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : वेदिक सोसाइटी सचिव चंद्रशेखर सिंह समेत अन्य गैरसरकारी संगठनों ने अक्षय तृतीया से पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में सख्त कदम उठाने की मांग की है। ज्ञात हो कि राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं।वहीँ लातेहार में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन वेदिक सोसाइटी ने राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करे कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंसह्ण की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए ह्यबेहद कड़ी नजरह्ण रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, ह्लबाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व



सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।बता दें कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैर सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुव्यार्पार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है और जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैर सरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। वेदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा, राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है। यह अदालती आदेश बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदायों को लामबंद करने में स्थानीय नेतृत्व की जवाबदेही की जरूरत को रेखांकित करता है।

## एक झलक

### लोहरदगा में अवैध बालू परिवहन करते पांच ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा** : जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठीयो स्थित कोयल नदी तट के बालू घाट से रविवार को अवैध बालू परिवहन कर पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के लिखित आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 31/24 दर्ज कर खनन अधिनियम की धारा 379, 411 के तहत ट्रैक्टर मालिकों व चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा के निर्देश पर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एसआई मनोज कुमार, एएसआई जमशेद खान ने यह कार्रवाई की।

### धूमधाम से मनायी गयी पं.रघुनाथ मुर्मू की जयंती

**जमशेदपुर** : भूतिया पंचायत के चंद्रपुर में रविवार को ग्राम प्रधान कुंवर लाल मंडी के अगुवाई में ओलचिकी के गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने चंद्रपुर चौक में अवस्थित पंडित रघुनाथ मुर्मू के स्टैचू पर माल्यापर्ण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस मौके पर कालीचरण बास्के, दीपक मांडी, बाबूलाल मांडी, खुदीराम हांसदा, रघुनाथ मुर्मू, कालीपद सोरेन, दुर्गा मांडी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सालगाडीह में पेयजल संकट, महिलाओं ने बर्तन लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**जमशेदपुर** : डुमरिया प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत ग्राम रांगामाटिया टोला सालगाडिह में रूपा कालुंडिया और बूढ़ा सोय घर के सामने स्थित जलमीनार दस माह से खराब है। चापाकल से भी पानी नहीं निकल रहा है। भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं। पेयजल के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। पेयजल के लिए लंबी कतार लगाना पड़ रहा है। मवेशियों के लिए पानी जुटाने में भी मुश्किल हो रही है। गांव के आसपास मौजूद जलस्रोत सुख चुके हैं। पेयजल संकट से परेशान ग्रामीण महिलाओं ने रविवार को वर्तन लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जलमीनार और चापाकल मरम्मती की मांग की। मौके पर राखी ओमंग, सीतामुनी सोय, दिनेश कालुंडिया, सुनीता मेलगांडी, लेबो सिंकू, बस्की सोरेन, सरो पात्रो, गंगी सिंकू, पानी देवगम आदि उपस्थित थे।

### डैम रोड में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय

**सरायकेला** : चांडिल डेम रोड स्थित अन्नपूर्णा बैंक्विट हॉल में रविवार को भाजपा के चांडिल मध्य मंडल का चुनावी कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उदघाटन विधिवत रूप से फीता काटकर ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, ईचागढ़ विधानसभा संयोजक मधु गोराई और सह संयोजक सारथी महतो ने संयुक्त रूप से किया। चांडिल मध्य मंडल का चुनावी कार्यालय के उदघाटन के बाद ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में चुनाव की तैयारियों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति बनाई गई। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद संजय सेठ सात व आठ मई को जनसंपर्क अभियान के तहत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का दौरा करेंगे।

## गझंडी बाजार में हुई भाजपा की नुक्कड़ सभा, उमड़ी भीड़, लगे अबकी बार 400 पार के नारे

# भ्रष्टाचारियों की साजिश करें नाकाम, विकसित भारत के लिए करें मतदान : अन्नपूर्णा देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कड़े और बड़े फैसलों से देश की जनता तो खुश है लेकिन लुटेरों और ठगों की नींद हराम हो गयी है इनमें से कुछ जेल में हैं, कुछ बेल पर हैं और कुछ लोगों को जेल जाने का डर सता रहा है यही वजह है कि मतलबपरस्त गठबंधन बनाकर सारे चोर इकठ्ठा हो गए हैं और किसी भी कीमत पर मोदी जी को प्रधान सेवक की भूमिका से बेदखल करना चाहते हैं लेकिन जिन्होंने देश के कण झ कण और जन झ जन से सीधा रिश्ता बना लिया हो उन्हें लोकतान्त्रिक तरीके से अपदस्थ करना इनके बस की बात कहां? अपनी तमाम साजिशें विफल होता देख चोरों की ये जमात दुष्प्रचार पर उतर आयी है। गझंडी बाजार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इन दिनों चोरों के ठगबंधन ने लोकतंत्र और संविधान को खतरे में बताना शुरू किया है। देश की जनता को अच्छी तरह पता है कि शाहबानो मामले में



अदालत के फैसले को पलटकर, इमरजेंसी लगाकर और गाहे झ बगाहे बेवजह राज्यों की चुनी हुई सरकारों को गिराकर कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र का अपमान किया है। कोडरमा में इस ठगबंधन ने वामपंथी उम्मीदवार दिया है। वामपंथियों का भारत और भारतीयता से कोई लेना देना नहीं है। इनके नेता, इनके आदर्श, इनके सिद्धांत, इनका वाद या तो रूस का है या फिर चीन को ये इमरजेंसी लगाने का समर्थन करते हैं, भारत चीन युद्ध में चीन की तरफदारी करते हैं, लोकतंत्र और भारतीय संविधान को लहुलुहान करने के खतरनाक इरादे के साथ तो इन वामपंथी दलों का जन्म ही हुआ है। मुस्लिम वोट बैंक के सामने नतमस्तक इस ठगबंधन ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकार आरक्षण को दांव पर लगा दिया है। कर्णाटक और तेलंगाना में, जहां कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार है, ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलामानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया है। स्पष्ट है कि जहां जहां ये लोग सत्ता की शक्ति पायेंगे एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण पर डाका डालेंगे और इनका हक छीनकर धर्म के आधार पर मुसलमानों में बाटेंगे देश की जनता इनकी साजिश समझ चुकी है और अब इनका समूल विनाश तय है।

## प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा : गोविंद प्रसाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भाजपा के सामाजिक जनसंपर्क अभियान के चतरा सह संयोजक गोविंद प्रसाद ने शहर के तेली मुहल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में देश में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार 400 पार और यह हो कर रहेगा। देश की जनता भाजपा को फिर से केंद्र में सरकार बनाने के लिए बहुमत देने को तैयार है। आगे कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चहुमुंखी विकास कर रहा है। विदेशों में भी आज भारत का डंका बज रहा है। देश की सीमायें आज पहले से अधिक सुरक्षित हैं। कल्याणी पांडेय ने भी कहा कि आज देश विकास की ओर अग्रसर है। आज हमारा देश विश्व की पांचवी अच्छी अर्थव्यवस्था वाले देश में शामिल है। केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए योजनायें चलायी है। महिलाओं को उनका हक व सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, जन धन योजना, शौचालय निर्माण योजना समेंत कई योजनाओं का लाभ समाज के हर समुदाय व संप्रदाय के लोगों को दिया गया है। मौके पर त्रिभुवन पांडेय, रामधनी प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, विंदेश्वर प्रसद, प्रदीप प्रसाद, रंजीत कुमार, रौशन कुमार, चिंटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मंटू प्रसाद, सुधा देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, पुनिता देवी, देवंती देवी, संगीता देवी व मंजू देवी समेंत कई लोग मौजूद थे।

## महीनों से गिरा पड़ा है विद्युत प्रवाहित पोल, ग्रामीणों ने की ठीक कराने की मांग



**हरिहरगंज/पलामू** : जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज मोड़ रोड में अंबा गांव में मदन पाल के घर के समीप आरईओ रोड किनारे महीनों से बिजली प्रवाहित सीमेंटेड पोल गिरा पड़ा है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों को इस पर कोई ध्यान नहीं है। इस संबन्ध में आस पास के कई लोगों ने बताया कि कई बार विभागीय मिस्त्री को इसकी जानकारी भी दी गई परंतु अभी तक किसी ने इसकी सुधि नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते गिरे पड़े बिजली पोल को अगर ठीक नही कराया गया तो कभी भी जान माल को नुकसान पहुंच सकता है।

## जो 70 सालों में नहीं हुआ, वह 10 सालों में कर दिया मोदी ने : राजीव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आज हमारे देश और यहां के लोगों को पूरे विश्व में सम्मान मिल रहा है। घर घर शुद्ध पीने के पानी और बिजली मुहैया हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब गैस पर खाना बना रहे हैं। लोगों के पक्के मकान हैं यह सब पिछले दस सालों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही देन है। उक्त बातें रविवार को राजीव रंजन पाण्डेय ने लातेहार जिले के मनिका प्रखंड अन्तर्गत ग्राम बरवईया में भाजपा के द्वारा आयोजित पथ सभा में कही। उन्होंने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास यदि देश को आगे बढ़ाने का विजन



होता तो आज हमारा देश सिंगापूर से इतने पीछे नहीं होता, आज सिंगापूर को देखिए कहां, उनके लोगों के रहन सहन देखिए आज हमसे कितने आगे है, पर हम उनसे बहुत पीछे रह गए हैं, लेकिन जब से 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने है बत से तेज का विकास बुलेट ट्रेन की रफ्तार से हो रही है। इसके पूर्व पथ सभा कार्यक्रम की शुरूआत बूथ अध्यक्ष प्रिंस कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एएसी जिलाध्यक्ष बनन पासवान, मंदीप कुमार, विकास कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## नीट यूजी (मेडिकल) की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेस्टिंग ऐजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा (मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट) 2024 झुमरी तिलैया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल एवम सेक्रेड हार्ट स्कूल में कदाचार मुक्त व शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल कुल 740 परीक्षार्थियों को शामिल होनी थी। लेकिन 13 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। अर्थात 727 परीक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा दिया। बच्चों को परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो इनकी पूरी ख़्याल रखते हुए परीक्षा से संबंधित सारी व्यवस्था ससमय पूरा किया गया। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सिटी को-कॉर्डिनेटर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, परीक्षा के पर्यवेक्षक सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार, राहुल मिश्रा सेंटर सुपरिटेंडेंट मौसमी मल्लिक, प्रमोद शर्मा सेंटर ड्यूटी सेंटर सुपरिटेंडेंट विनीत कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट जगरनाथ प्रसाद एवम डीएवी स्कूल एवम सेक्रेड हार्ट स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए तिलैया थाना के पुलिस अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहें।

## 50 लाख के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा पुलिस ने 50 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में नेसार अंसारी , पंकज कुमार दांगी , और मो रेहान शामिल है। इनके पास एक आई 20 कार, 568 ग्राम ब्राउन शुगर , तीन मोबाईल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है। जब्त कार में एंटी क्राइम ऑगेर्नाइजेशन चतरा के प्रेसिडेंट का बोर्ड लगा हुआ था। चतरा एसपी विकास कुमार पांडे रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया थाना के बगरा चतरा रोड में बजराही मोड़ के पास चार पहिया वाहन में ब्राउन सुगर की एक खेप लेकर आने वाले है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में



एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर संदिग्ध स्थिती में आई 20 कार की जांच की। जांच के दौरान ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आई की ये लोग ब्राउन सुगर के सैंपल दिखाकर खरीदने वाले व्यक्ति से मोटी रकम मंगवाकर पुलिस का भय दिखाकर पैसा छिन लेता था।

## कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबन्धन से विनोद सिंह की जीत सुनिश्चित : दीपक विश्वकर्मा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झारखण्ड मुक्ति मोर्चा झूमरी तिलैया नगर अध्यक्ष सह सोशल मिडिया सदस्य दीपक विश्वकर्मा ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा है कि शुरू से ही कोडरमा में कोई भी विकाश नही हुआ है आज जनता विकाश को तरस रही है और जो जीतते है वो कोई काम नही कर रहा है आज सबसे ज्यादा समस्या सप्लाई पानी और बिजनी की है आज पूरा झुमरीतिलैया में सफाई नही होती निरन्तर यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनता को ठगा जाता है अभी नगर पर्षद में ट्राफिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है किसी को भी जनता का ख्याल नही है अब इंडिया गठबंधन से कॉमरेड विनोद सिंह को पूरा कोडरमा लोकसभा की जनता उनको अपना आशीर्वाद देगी दीपक विश्वकर्मा ने कहा कि जिस दिन हमारें प्रतिनिधि की जीत होगी उसी दिन से कोडरमा लोकसभा का विकास नजर आने लगेगा अबरख खोले जायंगे इस लिए मैं सभी से अपील करता हूँ कि भारी मतों से जिताने का काम करें।

## गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

गिरिडीह : गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने गांडेय विधानसभा उचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालांकि आरोपित अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपित को फरार होने का मौका नहीं दिया और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपित निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश



सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई। जानकारी के अनुसार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ किया था। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। अवधेश सिंह के खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालांकि पुलिस की ओर से मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है। जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के इस निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था, तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ा था। उस वक्त भी इसके खिलाफ नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई किया था। निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह की गिरफ्तारी के दौरान एसडीपीओ बिनोद रवानी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और इंस्पेक्टर ममता कुमारी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार समेत पुलिस जवान इस दौरान शामिल थे।

## कोडरमा आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल का विदाई सह सम्मान समारोह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा 4 मई को आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल की विदाई को लेकर प्रभारी आवास में एक समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी जवाहरलाल अपने 3 साल के कार्यकाल में छोटी बड़ी कई उपलब्धियां हासिल कर धनबाद रेल मंडल में काफी सुर्खियों में रहे और कई अवार्ड भी हासिल किए। इनके विदाई समारोह में जहां उनके अधीनस्थ जवान भावुक नजर आए वही नए आरपीएफ प्रभारी के आगमन पर काफी उत्साह से लवरेज दिखें। आयोजित समारोह की अध्यक्षता सहायक मंडल अभियंता ने की, जबकि संचालन ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गझंडी के शाखा



सचिव बी बी सिंह ने किया। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए तत्कालीन प्रभारी जवाहरलाल ने कहा कि अपने 3 साल के कार्यकाल में उन्होंने अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाया। रेलवे सुरक्षा से जुड़ी जो भी कार्य होते हैं उन्हें बखूबी निभाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनाए रखें। प्रभारी श्री लाल ने कहा कि कोडरमा में उनके अधीनस्थ आरक्षी का काफी सहयोग मिला और उन्हीं के बदौलत रेलवे सुरक्षा से जुड़ी जो भी कार्य होते हैं उन्हें बखूबी निभाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनाए रखने में बहुत हद तक सफल भी रहे। अंत में उन्होंने कहा कि विदाई का क्षण दुखदाई तो होता है लेकिन यह एक सरकारी प्रक्रिया है, इससे हर किसी को गुजरना पड़ता है।

# लाल प्रीतम बी.एड. कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान व प्रभात फेरी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : लाला प्रीतम बी.एड.कॉलेज जितनी मोड किशनपुर के द्वारा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव 'के प्रति मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत (एन. एस. एस.)बी.एड. एवं डीएलएड सत्र 2022- 24 एवं 2023 -25 के प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रभात फेरी सह रैली का आयोजन किया गया. यह रैली प्रशिक्षण महाविद्यालय के परिसर से किशनपुर मोहल्ला के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच से होकर बीड




मोहल्ला,खनका मस्जिद पुरानी पेट्रोल पंप शहर के मुख्य मार्ग केसरी चौक, बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, मारवाड़ी मोहल्ला जैन मंदिर से होते हुए लिपदा देवरिया से क्रॉस करते हुए न्यू बस स्टैंड होते हुए होटल पूजा रेस्टोरेंट पुलिस लाइन से गुजरते हुए अंत में प्रशिक्षण महाविद्यालय के परिसर में रैली का समापन किया गया. रैली में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग करने हेतु गगन भेदी स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया. प्रशिक्षणरत शिक्षिका चांदनी,, नेहा, सानिया एवं सोनाक्षी के द्वारा संयुक्त रूप से आधी आबादी करो मतदान, रहेगा जीवन सारा खुशहाल महिलाओं को इस नारे से अपने मत के महत्व को समझाएं समग्र प्रशिक्षु शिक्षक -शिक्षिकाओं की अलग-अलग टोली के समूह में बटकर मतदान के महत्व एवं सत प्रतिशत मतदान के साथ-साथ निर्वाचन प्रणाली से संबंधित विस्तृत महत्वपूर्ण जानकारियां दी.रैली का नेतृत्व प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव लाला प्रसाद साहू के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सह समन्वयक व्याख्याता रंजीत कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षक व्याख्याता डॉ. जी डी मिश्रा, गुलजार हुसैन, बाबर अली, प्रकाश कुमार, राजेश्वर साहू, बबीता कुमारी, संध्या कुमारी विश्वकर्मा, रेणु कुमारी, प्रोफेसर नूतन कुमारी कार्यालय सहायक अजय कुमार, श्रवण कुमार ने सफलतापूर्वक अपने-अपने उत्तरदायित्व को निभाए। मतदाता जागरूकता अभियान को अनुशासन पूर्वक सफल बनाने में प्रशिक्षण महाविद्यालय के उपस्थित प्रशिक्षु हर्ष कुमार निर्मल राणा खुशबू कुमारी पुष्पा कुमारी सविता कुमारी रोहित कुमार नंद कुमार मंटू कुमार कुमारी पूजा नेहा कुमारी शिक्षक शिक्षिकाअओ के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी गयी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया से हो रहे मतदान का किया अवलोकन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, इसके तहत वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से ऊपर है एवं वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदाता केंद्र में जाकर मतदान करने के लिए असमर्थ है के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों में होम वोटिंग की प्रक्रिया सुचारू रूप से हो रही हो इसे सुनिश्चित करने के लिए आज रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी गुमला स्थित भट्ठी तलब के समीप बूथ संख्या 223 के मतदाताओं के घर जहां होम वोटिंग की जा रही है वाले घरों में पहुंच वहां के विधि व्यवस्था एवं



प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके अलावा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को भी विभिन्न स्थानों में जाकर होम वोटिंग की प्रक्रिया को सफल रूप देने का निर्देश दिया गया। जिसके तहत जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने भी गुमला स्थित करौंदा में हो रहे होम वोटिंग का अवलोकन कर होम वोटिंग की प्रक्रिया को सफल बनाया।

## एक झलक

### बिहार पहुंचे आध्यात्मिक गुरु रविशंकर महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पटना (बिहार) :** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर रविवार को बिहार के गया जिले में पहुंचे। वे सबसे पहले महाबोधि मन्दिर गये। यहां मंदिर के पुजारी भंते डॉ. दीनानाथ ने उनका स्वागत किया और मंदिर के गर्भगृह में मंत्रोचार के साथ भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कराई। रविशंकर ने पवित्र बोधि वृक्ष के पास कुछ देर ध्यान भी किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में रविशंकर ने कहा कि यहां आकर उन्हें अपार शांति मिली। बुद्ध की शांति के संदेश का दुनियाभर के लोगों को जरूरत है, जहां युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं वहां के लोगों को बुद्ध के पथ ध्यान शांति और अहिंसा पर चलना चाहिए। गुरु रविशंकर के आगमन पर गया में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। उसकी सुरक्षा में बोधगया के एसडीपीओ सौरव जयसवाल और बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

### महिला का गला कटा शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी चंपारण :** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के वृता मठिया गांव से रविवार को पुलिस ने एक महिला का गला कटा शव उसके घर से बरामद किया। मृतिका वृता मठिया गांव की स्वर्गीय विजय गिरी की पत्नी नीरा देवी है । मौके पर पहुंची पुलिस ने घर से महिला का क्षत विक्षत शव बरामद किया। बताया गया कि महिला बहुत दिनों से अपने घर मे अकेले रहती थी ।थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि शव देखने से लग रहा है कि शनिवार की देर रात मे तेज धारदार हथियार से उसकी गला रेत कर हत्या की गई हैं। शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेजा दिया गया है ।घटना स्थल पर पहुंचे अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं। बहुत जल्द उद्भेदन कर लिया जायेगा।

### लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

**सहरसा :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का चुनाव प्रचार कार्य समाप्ति के पश्चात रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव बहिष्कार किए जाने की सूचना पर लोगों से बातचीत कर मतदान करने की सहमति बन गई है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 1390 मतदान केंद्र एवं सहायक मतदान केंद्र में से एक केंद्र को युवा मतदाता केंद्र एवं चार-चार मतदान केंद्र को महिला पीडी तथा आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। उपयुक्त मतदान केदो पर पंडाल शामियाना कारपेट प्रतीक्षागृह हेल्प डेस्क शीतल पेयजल की व्यवस्था एवं संकेतक मेडिकल टीम बाल विनोदालय पंखा वॉलिंटियर्स स्वयंसेवक बैलून एवं व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। वही विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में मतदान मे 10 फीसदी वोट की बढ़ोतरी करने वाले कर्मियों एवं पदाधिकारी को चिन्हित कर कर प्रत्येक प्रखंड से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के विभिन्न मामले दर्ज किये गए हैं।

### कोटवा से छह हजार भारतीय जाली नोट के साथ दो और गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जाली नोट जब्ती मामले में 6 हजार फेक आईसी के साथ दो और तस्कर गिरफ्तार किए गए है। गिरफ़्तार तस्कर में कोटवा का मुकेश सिंह व मजफ्फरपुर देवरिया का रामचन्द्र शर्मा शामिल है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार उतर प्रदेश के दो तस्करों की निशानदेही पर उक्त दोनों तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से 6 हजार भारतीय जाली नोट बरामद किया गया है। यूपी के दोनों तस्कर के पास से 4 मई को दो बाइक एवं 12 लाख 90 हजार जाली इंडियन रुपये बरामद किए गये थे। इस मामले में दोनो यूपी के तस्कर से गहन पूछताछ के बाद पुलिस एवं टेक्निकल सेल की मदद से उक्त दोनो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि ये लोग भी जाली नोट के धंधे में संलिप्त है,जिनका कनेक्शन जाली नोट के बड़े धंधेबाजों से है।

---

### अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 07 मई को संध्या 06 से 08 बजे चुनाव सम्बन्धी कंटेंट को करें पोस्ट

# 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शिड्यूल करें पदाधिकारी : के. रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 07 मई 2024 को संध्या 06 से 08 बजे के बीच # मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर # मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव सम्बन्धी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें । ये बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहीं। वह रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/ कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। साथ ही, अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से सम्बन्धित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए सम्बन्धित हैशटैग को ट्रेंडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की, कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बन कर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर सम्बन्धित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आये और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बातें कहीं। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट हेतु तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गयीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित आदि उपस्थित थे।

- **आम नागरिक भी अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल में # मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग लगा कर निर्वाचन से जुड़े कंटेंट करें पोस्ट**



# बॉडी केयर ब्रांड की रखी गयी डीलर्स मीट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची में बॉडी केयर ब्रांड की हम लोग ने डीलर्स मीट रखी है जिसमें बाहर से रांची के बाहर से दुमका देवघर गोड्डा पाकुड़ हर एरिया से लोग आए और सारी सैंपल्स देखे हैं यहां पर पहले बॉडी केयर का नाम जाना जाता था सिर्फ लिंगरी के नाम से अब उन्होंने नाईट वेअर स्पोर्ट्स वेअर इस साल लॉन्च किया है जेंट्स में लेडिस में और नाइट सूट्स नाइटी सब तरह की रेंज और इसको ग्रैंड इनोवेशन हेमंत जी जायसवाल जो हमारे कंपनी के सलेश डायरेक्ट है उनके द्वारा किया गया और साथी उपस्थित विनय पांडे आशीष जी दुबे जिनके डिस्ट्रीब्यूटर से मनोज इंटरप्राइजेज मनोज जी धानुका है राजेश धानुका यह जो आज एग्जिबिशन जो डीलर्स मीट हम लोग बुलायेंगे यह नर चाणक्य के उत्सव हॉल में किया गया।

### हिन्दुस्तान हमारा एक प्रजातन्त्र मूलक शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई ने कहा

# यहां पढ़ने-लिखने का तमाम लोगों को बराबर का है हक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई ने टाटीसिलवे चौक पर अपना नारा लगाया और शिक्षा का अलख जगाया। चुनचुन सर ने कहा कि जन्नत निशाह मुलक हिन्दूस्तान हमारा एक प्रजातन्त्र मुलक (देश) है। यहां पढ़ने लिखने का तमाम लोगों को बराबर का हक है। चुनचुन सर ने अपना नारा दिया, उठो अपनी दुनिया की गरीबी को ईलम की शमा में जला दो। भारत से भ्रष्टाचार को मिटा दो। शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई ने लाखों की भीड़ में हाथ में बैनर लिये धूमघूम कर अपना नारा लगाया। लाखों लाख औरतें बच्चे व लोगों ने सराहा। महिला सेना के सदस्यों ने और बलिराम जी ने कहा कि चुनचुन भाई का नारा क्रान्तिकारी है, प्रेरणास्त्रोत है, 35 सालों से चुनचुन सर को शिक्षा का अलाख जगाने का जुनून सवार है। हर देश में गुंजेगा चुनचुन सर का नारा यही ईश्वर से दुआ है। चुनचुन सर ने कहा आज भी अपनी शिक्षा से एक तिहाई भारतीय नाखुश है। कई बच्चे बच्चियो का कहना है हमे भी अच्छे स्कूल पढ़ने का शोक है पर गरीबी के कारण नहीं पढ़ पाते है। आगे कहा सब को बराबर की शिक्षा मिले सुरक्षा मिले भूल कर हर सिकवा गिले बहुत स्कूलों में सरकार को नजर 'रखने की जरूरत है। पढ़ाई कम पैसा ज्यादा ये देश हमारा है। निवेदक मालती देवी ने कहा कि जब जब चुनचुन सर ने लगाया अपना नारा-उमड़ कर आ गये बच्चा सारा... बहुत अच्छा कार्य कर रहे है। लोगों को हमेशा अपने नारसें से करते हैं प्रेरित। हमेशा बच्चों बच्चियों का हौसला बढ़ाते रहते हैं।




# शैक्षणिक संस्थान के वार्षिकोत्सव में पांच विशिष्ट विद्वानों को मिला मिथिला रत्न सम्मान

**एजेंसी**

**मधुबनी :** जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत सरिसब पाही के हाटी गांव में रविवार को साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयश्री मेमोरियल उत्सव स्थल में पं हरिनारायण झा एवं पं शिवनारायण झा के शैक्षणिक व सामाजिक सहयोग न्यास का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। शैक्षणिक संस्थान के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में स्थापित पांच विशिष्ट विद्वानों को "मिथिला रत्न" सम्मान से विभूषित किया गया। इसमें डॉ. जगदीश मिश्र, डॉ उदयनाथ झा अशोक, डॉ सुनीता झा,डॉ बिपीन कुमार झा व डॉ एल सरिता आर्या को मंच से सम्मानित किया गया। नामचीन विशिष्ट विद्वानों व गणमान्य लोगों सहित स्थापित साहित्यकारों के बीच शैक्षणिक संस्थान की वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्ण रहा।आगत अतिथियों के स्वागत भाषण के क्रम में शैक्षणिक संस्थान के संयोजक सृष्टि नारायण झा ने मंच से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साहित्यक संरक्षण-संवर्धन को युवा वर्गों की सशक्त भागीदारी का आह्वान किया। कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. शशिनाथ झा ने इस शैक्षणिक संस्थान की प्रबल उपादेयता की भूरि- भूरि प्रशंसा किया। डॉ. इन्द्रनाथ झा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में इस शैक्षणिक संस्थान का उद्देश्य नवोदित साहित्यकारों को प्रोत्साहित करना है।

# पूर्वी चंपारण के मणिभूषण ने कंचनजंघा की चोटी पर लहराया तिरंगा



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** जिले के बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के इनरवा फुलवार पंचायत के गोढिया गांव निवासी उमाशंकर यादव के पुत्र मणिभूषण कुमार ने विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा को सफलता पूर्वक फतह करने के बाद तिरंगा लहराकर क्षेत्र सहित राज्य का नाम रौशन किया है। 67वीं बीपीएससी में 142वी रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर चयनित होकर वर्तमान में विपार्ड (गया) में प्रशिक्षणरत मणिभूषण ने कंचनजंघा की चोटी की सफल चढ़ाई के विषय में बताया कि 1200 प्रशिक्षु पदाधिकारियों में से शारीरिक व चिकित्सीय जांच के उपरांत 28 सफल उम्मीदवारों में मेरा भी चयन हुआ।दो माह के कठोर ट्रेनिंग के बाद सात अप्रैल 2024 को कंचन जंघा पर्वत शिखर की चढ़ाई का सफर शुरू हुआ।आखिरकार कई मुश्किल व साहसिक संघर्ष के बाद दुर्गम चढ़ाई को सिक्किम राज्य की पहाड़ियों के रास्ते आठ दिन की चढ़ाई के बाद कंचन जंघा पहुंचे। मणिभूषण ने यात्रा के दौरान आने वाली अनेक कठिनाइयों का जिक्र करते बताया कि अचानक से मौसम का बदलना,अत्यधिक ठंड हवाएं, बर्फ की मोटी परत,रात्रि विराम कैंप के चारो तरफ बर्फबारी, छोटी-बड़ी पहाड़ी नदियों का रास्ता में आना बहुत जानलेवा था।

# किशनगंज में एक साथ पांच बच्चों का जन्म, जच्चा-बच्चा सभी स्वस्थ

**एजेंसी**

**किशनगंज :** जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया है। इसके बाद लोग हैरान हैं और यह घटना सभी के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई है। कोई इसे उपर वाले का करिश्मा मान रहा है तो इसके पीछे के वैज्ञानिक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है। आम तौर पर एक महिला एक ही बच्चे को जन्म देती है। हालांकि, गर्भधारण के समय बदलाव होने पर जुड़वा बच्चों का भी जन्म होता है, लेकिन एक साथ पांच बच्चों का जन्म होना बहुत ही विरली घटना है। कई बार एक साथ दो या तीन बच्चों को जन्म देने के मामले भी सामने आते हैं, लेकिन किशनगंज की इस महिला ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म देकर सभी को हैरानी में डाल दिया। मामला किसी अजूबे से कम नही है। महिला जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के कनकपुर पंचायत अंतर्गत जालमिलिक गांव की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक ताहेरा बेगम को प्रसव पीड़ा होने के बाद निकटवर्ती इस्लामपुर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया था। जहां महिला ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया। एक के बाद एक बच्चियों को जन्म लेता देख चिकित्सक और कर्मी भी हैरान हो गए। पांच बच्चों के जन्म देने की खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय है।

# राष्ट्रहित व विकसित भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को करें सत्तासीन : ऋतुराज सिन्हा

**एजेंसी**

**मधुबनी :** जिला मुख्यालय स्थित जलसा होटल सभागार में रविवार को नगर के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रहित व विकसित भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के हाथ को मजबूत कर उन्हें सत्तासीन करें। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों सहित सम्पूर्ण देश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आशा व विश्वास की नजर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्तासीन करने को तत्पर हैं। खासकर नवीन मतदाता व युवा वर्गों में राष्ट्रहित व विकसित भारत की कल्पना परक सोच समाहित है। संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर के साथ देश के प्रथम राष्ट्रपति बिहार के डॉ राजेन्द्र प्रसाद का मतैक्य सोच प्रबल रहा। बिहार में शुरू से युथ ब्रिगेडियर का आइकॉन देश की दशा- दिशा में सजग सहभागिता निभाया। बिहार शिक्षाविद् क्रांतिवीर समाजिक चिन्तक का राज्य शुरू से रहा। देश की राजनीतिक सोच को बदलने का श्रेय जयप्रकाश नारायण का चिन्तन प्रवाह आज भी प्रासंगिक है। सिन्हा ने कहा कि समाजवादी चिंतक स्व कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने वाला ऐतिहासिक प्रासंगिक समय नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्रित्व काल ही रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश-विदेश में डंका बजाने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पक्षधर बनने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की अर्थ व्यवस्था को विश्व वाङमय में तीसरी स्थान पर लाने को तत्पर है ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए इस चुनाव में सिर्फ हम सभी का आत्मविश्वास समर्थन व अपार बहुमत जुटाना कर्तव्य है। मौके पर भाजपा विधायक पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने कहा कि मिथिलांचल परिक्षेत्र की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत संरक्षण- संवर्धन को केन्द्र सरकार शुरू से तत्पर रहा। खासकर मधुबनी से अपने व्यक्तिगत लगाव की चर्चा उन्होंने किया। पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने उपस्थित गणमान्य लोगों साहित्यकारों पत्रकार व समाजसेवियों के प्रति आभार अभिनंदन प्रकट किया। वर्तमान चुनाव परिप्रेक्ष्य में बताया कि देश की दशा- दिशा को नई उड़ान भरने वाला सख्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः तीसरी बार पूर्ण बहुमत से जीत पक्का है।

# लड़कियां शिक्षित होंगी, तो देश आगे बढ़ेगा : मोहम्मद आसिफ

- **शिक्षा हासिल करने में हर तरह की मदद और रहनुमाई की जायेगी : नौशाद आलम**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** रविवार को झारखंड छात्र संघ के बैनर तले इंडियन डायनामिक पब्लिक स्कूल बानापीड़ी के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में बानापीड़ी, जाड़ी,पतराटोली, मुरुमगढ़ा, मांधना टोली समेत आसपास की छात्राएं शामिल हुईं। सभी छात्राओं ने 'हम पढ़ेंगे हम बढ़ेंगे' का नारा बुलंद करते हुए कहा कि वे तब तक अपनी आगे की उच्चस्तरीय शिक्षा जारी रखेंगे जब तक वह कामयाब हो कर अपने और अपने मां - बाप के साथ- साथ अपने समाज का नाम रौशन न कर दें। छात्राओं के समक्ष सिग्मा पब्लिक स्कूल के संचालक मोहम्मद आसिफ ने कहा कि हमारे देश की उन्नति तब ही होगी जब लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त करके किसी सरकारी पद पर पहुंचेंगी। इंडियन डायनामिक पब्लिक स्कूल के संचालक नौशाद आलम ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा की अगर आप पढ़ना चाहती हैं तो झारखंड छात्र संघ की तरफ से हर संभव आपकी मदद और रहनुमाई की जाएगी। मौलाना अब्दुल हकीम , मौलाना इमरान , मौलाना सुहेल ने इस तरह के आयोजन को सराहते हुए कहा कि हमें ऐसे नौजवानों से काफी उम्मीदें हैं। ये शिक्षा को और उसके मकसद को आगे ले जाने में एक दिन जरूर कामयाब होंगे। समारोह को आलिमा सुहाना प्रवीन, आलिमा यास्मीन प्रवीन ने भी संबोधित किया। मौके पर अभिभावकों के साथ साथ संगठन के मौलाना फिरोज, नसीम अख्तर, इरशाद अंसारी, तौफीक अंसारी, सगीर अंसारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो हुए शामिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर किया उद्घाटन

# झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिव मंडा पूजा सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के चचकोपी गांव में शिव मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में मंडा पूजा का आयोजन किया किया। जिसमें शनिवार को फुलखुंदी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गई। देर रात भोक्ताओं ने आग के ऊपर नंगे पांव चलकर भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। इसमें दर्जनों भोक्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम भोक्ता तालाब पर स्थित घाट पहुंचे। इस अनुष्ठान के बाद सभी भोक्ता नगर भ्रमण पर निकल पड़े। शाम में फूलखुंदी के लिए भोक्ता महादेव मंडा पहुंचे। लोटन सेवा अनुष्ठान के बाद सभी भक्त एक-दूसरे को आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए 21 बार गले मिले। इसके बाद मंदिर में बाबा भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा बले शिवा मनी महेश काशी बैजनाथ उड़ीसा जगन्नाथ गजा गजाधर आधव माधव गौरी शकर महेश दाता दिगम महेश बले शिवा मनी महेश के जयकारे के साथ हुई। अंतिम अनुष्ठान में भोक्ताओं ने अंगारों के ऊपर नंगे पाव चल कर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया ।वहीं रविवार को झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घघाटन भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है ।उन्होंने कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं ।मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी ग्राम वासियों को झुमाया। कार्यक्रम में आए अतिथि पवन साहू,महादेव कुजूर,रंजन गुप्ता आदि। मंडा पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति का अध्यक्ष नारायण महली, उपाध्यक्ष मंगरा भगत व राजेश महतो,दसरथ बड़ाईक, विनय उरांव, बैजनाथ बड़ाईक, गणेश साहू, धनेश्वर बैठा, प्रकाश केरकेट्टा, महेश बैठा, सोना राम साहू, बिंदेश्वरी राम, ब्रजेश गोप, लक्ष्मण उरांव, सुलेन्द्र साहू, अरुण साहू सहित समस्त ग्राम वासी।



# लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान के सिमरी बख्तियारपुर के रोड शो में उमड़ी भीड़

**एजेंसी**

**सहरसा :** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के लोजपा (आर) के प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान ने सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्य बाजार के विभिन्न इलाकों में रोड शो कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। इस दौरान चिराग पासवान की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कई जगहों पर चिराग पासवान पर फूलों की बारिश भी की गयी। रोड शो के क्रम में सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद उच्च विद्यालय मैदान से स्टेशन चौक पर दुर्गा स्थान मंदिर में मां दुर्गा को प्रणाम कर मुख्य बाजार, ब्लांक रोड़, डाक-बंगला चौराहा, पुरानी बाजार, रानीबाग, मालगोदाम रोड होते हुए पुनः उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंच कर हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर गए। साथ में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा भी साथ में थे। रोड़ शो में चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकिल का काफिला भी साथ चल रहा था। मौके पर लोजपा सुप्रीमो ने कहा कि "लोकतंत्र का यह महोत्सव देश एवं प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने का माध्यम है। इस महापर्व का उत्सव सभी मतदाता हर्ष एवं उल्लास से मनाएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपकी भागीदारी से ही लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी। उन्होंने खगड़िया लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा को अजेय बहुमत से जिताने की अपील की। एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि खगड़िया लोकसभा के विकास के लिए अपना बहुमूल्य वोट हेलीकॉप्टर छाप देकर विजई बनाए। मैं खगड़िया के जनमानस के सपनों को साकार रूप देने का कृतसंकल्पित हूं।

# पंजाब से लगातार 05 हार के बाद जीती चेन्नई

## पिछले मैच का हिसाब बराबर किया; जडेजा ने 43 रन बनाये, 03 विकेट भी लिये

एजेंसी

**धर्मशाला :** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच रविवार को खेले गए मैच में चेन्नई ने पिछले मैच का हिसाब चुकता करते हुए पंजाब को उनके घर पर ही 28 रनों से मात दे दी। पिछले एक मई को पंजाब ने चेन्नई के उसके होम ग्रांउड में सात विकेट से हराया था। धर्मशाला में खेले गए मैच में चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब के समक्ष 168 रनों का लक्ष्य दिया था लेकिन पंजाब की टीम नौ विकेट पर 139 रन ही बना पाई। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 167 रन बनाए थे। चेन्नई की जीत में आलरांउडर रविंद्र जडेजा की अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहले बल्लेबाजी में और फिर गेंदबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन किया और पंजाब के तीन बल्लेबाजों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा प्लेयर आफ द मैच बने। पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन के 23 गेंदों में दो चैकों और दो छक्कों के साथ 30 रन की पारी खेली। इनके अलावा शशांक सिंह ने 20 गेंदों पर चार चैकों की मदद से 27 रन बनाए। इसके अलावा पंजाब के बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए। पंजाब के पांच बल्लेबाज डबल फिगर तक भी नही पंहुच पाए। उधर चेन्ई की ओर से गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने सबसे अधिक 20 रन देकर तीन,



सिमरनजीत 16 रन देकर दो और देशपांडे 35 रन देकर दो विकेट लेने में कामयाब रहे। मिचल सैंटनर और शार्दुल ठाकुर को एक-एक विकेट मिला। उधर इससे पूर्व चेन्नई की ओर से रविंद्र जडेजा ने स्वाधिक 26 गेंदों पर 43 रनों का अहम योगदान दिया जिनमें तीन चैके और दो छक्के शामिल रहे। कैप्टन और ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 रन बनाए। उन्होंने 21 गेंदों का सामना करते हुए चार चैकों और एक छक्के के साथ 32 रन बनाए। वहीं डैरेल मिचल ने भी तेज गति से 19 गेंदों में 30 रन बनाए जिनमें दो चैके और एक छक्का शामिल था। इनके अलावा मोइन अली ने 20 गेंदों पर 17 मिचल सैंटनर ने 11 गेंदों पर 11, शार्दुल ठाकुर ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाए और अजिंक्य रहाणे ने सात गेंदों पर नौ रन बनाए। जबकि एमएस धोनी और शिवम दूबे शून्य पर आउट हो गए। उधर गेंदबाजी में पंजाब की ओर से स्पिनर राहुल चाहर और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं अर्शदीप सिंह ने दो जबकि सैम करन ने एक विकेट लिया।

**नौ मई को आरसीबी के साथ भिड़ेगा पंजाब**

**धर्मशाला** में दूसरे मैच में नौ मई को पंजाब का मुकाबला आरसीबी के साथ होगा। आरसीबी की टीम कल मंगलवार को धर्मशाला पंहुच जाएगी।

## एक झलक

### अश्विन ने पावर हिटिंग को लेकर जतायी चिन्ता

**नयी दिल्ली :** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने आईपीएल में लगातार बनते हुए बड़े स्कोरों को लेकर कहा कि ये सब पावर हिटिंग के कारण हो रहा है। अश्विन ने पावर हिटिंग को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे स्टेडियमों का आकार अब छोटा पड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि इससे खेल एकतरफा हो गया है। अश्विन ने आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर को लेकर कहा कि इससे खेल एकतरफा होता जा रहा है। आईपीएल के इस सीजन में कई बार टीमों ने 250 से अधिक रन बनाये हैं। इसके अलावा इस सत्र में 287 और 277 रन भी बने हैं। इस लीग में इंम्पैक्ट नियम के लागू होने से भी अब टीमें 200 से ज्यादा रन बना रही हैं पर इसका भी बचाव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कहा, पहले के बनाए गए स्टेडियम आज के समय के अनुरूप नहीं रहे हैं। जो बल्ले तब उपयोग में लाये जाते थे, उनका उपयोग अब कहीं नहीं होता है। प्रायोजकों के एलईडी बोर्डों के इस्तेमाल के कारण भी बाउंड्री पहले से ही 10 गज कम हो गई है। आज के दौर में खेल बल्लेबाजों की ओर झुका लगता है। ये किसी को परेशान कर के किसी को खुश करने की तरह ही है। ऐसे में गेंदबाजों को मानसिक तौर पर उत्साहित करना होगा।

### मुझे लगा बल्लेबाजी के लिए उतरना नहीं पड़ेगा : कार्तिक

**चेन्नई :** गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिलाने वाले दिनेश कार्तिक वह शुरूआत में टीम की जीत के लिए आश्वस्त थे क्योंकि टीम ने पावरप्ले में ही फाफ डु प्लेसिस के अर्शशतक से 92 रन बना लिए थे। इसी कारण वह कॉफी पीने में लग गये थे क्योंकि उन्हें लगा था कि उन्हें बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरना पड़ेगा। साथ ही कहा कि आरसीबी ने जब पावरप्ले में तेज शुरूआत की और पहले 4 ओवर गुजरे तो मैंने अपनी पहली काफी ली। मैं तब मानसिक रूप से बल्लेबाजी के लिए तैयार नहीं था, मैं बस आराम कर रहा था और फिर कुछ ऐसे हालात हुए कि मुझे मैदान में उतरना पड़ा। कार्तिक ने कहा कि पिच शुरू में गेंदबाजी के लिए अच्छी थी क्योंकि लंबे समय तक कवर के नीचे रहने के कारण इसमें थोड़ी नमी आ गयी थी। टॉस जीतकर हमने अच्छी गेंदबाजी की और गुजरात को कम स्कोर पर रोका। इसलिए कहा जा सकता है कि ये जीत हमें गेंदबाजों के कारण मिली है।

### मयंक आईपीएल से हुए बाहर : कोच लैंगर

**मुम्बई :** आईपीएल 2024 के इस सत्र में अपनी सबसे तेज गेंदों के कारण आकर्षण का केन्द्र बने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। मयंक अभी तक अपनी चोट से नहीं उबरें हैं। मयंक का बाहर होना उनकी टीम लखनऊ सुपर जॉयंट्स के लिए एक बड़ा झटका है। सुपर जॉयंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने भी कहा है कि अब मयंक इस सत्र में आगे नहीं खेल पायेंगे। मयंक पेट के निचले हिस्से की मांसेपेशी में चोट के कारण इस सत्र से बाहर हुए हैं। उन्होंने इस आईपीएल में अपनी तेज गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है। इस सत्र में उन्होंने 4 मैच में 7 विकेट लिए।

## आईपीएल से टी-20 विश्कप के लिए अभ्यास का अच्छा अवसर मिला : यशस्वी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट से उन्हें अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारी का अच्छा अवसर मिला है। यशस्वी ने कहा कि वे आईपीएल में उन देशों के खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं। जो टी20 विश्वकप में उतरेंगे। इससे उन्हें पता चलत है कि उनकी खिलाड़ियों के खिलाफ किस प्रकार से खेलना है। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे यशस्वी इस सत्र में शुरूआती चरण में रन बनाने में विफल रहे थे पर बाद में उन्होंने लय हासिल कर ली। इसको लेकर इस बल्लेबाज ने कहा कि तब उन्होंने प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया और ऐसे लोगों के बीच रहने पर ध्यान दिया जिन्होंने पूर्व में उन्हें सही सलाह दी थी। आईपीएल के शुरूआती सात मैचों में केवल 121 रन बनाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए उन्हें जगह मिलना कठिन नजर आ रहा थ पर इसके बाद उन्होंने तीन पारियों में 104, 24 और 67 रन बना अपनी जगह पक्की की। जायसवाल ने कहा, मैं खेलने की प्रक्रिया पर बहुत अधिक ध्यान देता हूं और अभ्यास सत्रों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करता हूं।



## आईपीएल : मुम्बई पर जीत दर्ज करने उतरेगी सनराइजर्स

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेंगी। मुंबई पहले प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। ऐसे में वह ये मैच जीत भी जाती है तो भी उसे कोई लाभ नहीं होगा। वह अंकतालिका में अभी सबसे नीचे है। वह अपने 11 में से 8 मुकाबले हारी है। इसलिए बचे हुए मुकाबले जीतकर भी वह बाहर ही रहेगी। दूसरी ओर हैदराबाद 10 में से 6 मुकाबले जीतने के साथ ही अंक तालिक में चौथे स्थान पर होने के कारण ये मैच जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने उतरेगी। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक रहेगा। मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है। इस मैदान पर जमकर रन बनते हैं। मैदान छोटा होने के कारण चौके-छक्के भी खूब लगते हैं। ऐसे में हैदराबाद के बल्लेबाजों को रोकना मुम्बई के लिए आसान नहीं रहेगा। मुम्बई की ओर से वैसे भी जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई अन्य गेंदबाज लय में नहीं है। इस मैदान पर स्पिनरों को इस पिच पर मदद जरूर मिलती है। मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 116 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 63 दूसरे बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। जो भी टीम मुंबई में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर आईपीएल में वानखेड़े में 170 रन है। हैदराबाद के पास विस्फोटक बल्लेबाज हैं और टॉस जीतने पर वह एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाकर भारी अंतर से जीत दर्ज करना चाहेगी। इस सत्र में मुम्बई के बल्लेबाजी और गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे हैं। ऐसे में हैदराबाद ही जीत की प्रबल दावेदार है।




**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, जथावेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

## चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप का खिताब, फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

एजेंसी

**चेंगदू :** चीन ने रविवार को यहां इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। दो साल पहले दक्षिण कोरिया से फाइनल हारने के बाद, 2016 के बाद पहली बार चीनी धरती पर आयोजित चैंपियनशिप में चीन को प्रबल दावेदार माना जा रहा था। ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने एकल मुकाबले में बढ़त बनाई और ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर चीन को 1-0 की बढत दिलाई। विश्व की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और जिया यिफान ने युगल मुकाबले में सिती फादिया सिल्वा रामधंती और रिबका सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर चीन को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद दूसरे एकल में इंडोनेशियाई किशोरी एस्टर नूरुमी ट्राई ने पहला सेट 21-10 से जीत लिया, लेकिन ही बिंगजियाओ ने वापसी करते हुए 21-15, 21-17 से जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया। यह युवा इंडोनेशियाई खिलाड़ियों के लिए भी ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि उन्होंने 2008 के बाद पहली बार टीम को फाइनल में पहुंचाया था। जापान और दक्षिण कोरिया ने कांस्य पदक साझा किया।




### निलंबित किये जाने के बाद बजरंग पुनिया ने कहा

## नाडा अधिकारियों को नमूना देने से कभी नहीं किया इनकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रविवार को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा निलंबन के बाद पहलवान बजरंग पुनिया ने इस मुद्दे पर कहा कि उन्होंने डोपिंग परीक्षण के लिए नाडा अधिकारियों को अपने नमूने देने से कभी इनकार नहीं किया। बजरंग ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया, मुझे डोप टेस्ट के लिए कहे जाने की खबर पर मैं स्पष्टीकरण देना चाहता हूं!!! मैंने नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे पहले मुझे जवाब दें कि उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायरी किट लाई थी, उस पर उन्होंने क्या कार्रवाई की और फिर मेरा डोप टेस्ट लें। मेरे वकील विदुष सिंघानिया समय पर इस पत्र का जवाब देंगे। बता दें कि नाडा ने पहलवान बजरंग पुनिया को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। यह कदम संभावित रूप से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। सूत्रों के अनुसार, पुनिया 10 मार्च को सोनीपत में चयन ट्रायल के लिए अपना मूत्र का नमूना देने में विफल रहे, जिसके कारण नाडा ने उन्हें भविष्य के किसी भी आयोजन में भाग लेने से निलंबित करने का आदेश जारी किया। नाडा की ओर से 23 अप्रैल को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, नीचे दिए गए पैराग्राफ 4:1:2 के अधीन और नाडा 2021 के अनुच्छेद 7.4 के अनुसार, बजरंग पुनिया को इस मामले में सुनवाई में अंतिम निर्णय आने से पहले किसी भी प्रतियोगिता या गतिविधि में भाग लेने से तुरंत अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया है।



## आईपीएल 2024 : सीएसके के तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना श्रीलंका लौटे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे। सीएसके ने रविवार को उक्त जानकारी दी। पथिराना का चोटिल होना सीएसके के लिए हुत बड़ा झटका है, जो डेथ ओवरों में टीम के लिए काफी प्रभावी रहते हैं। सीएसके ने रविवार को एक बयान में कहा, मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं और आगे के इलाज के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। हालांकि सीएसके ने यह नहीं बताया कि मथीशा पथिराना सीजन के आखिरी चरण में वापसी करेंगे या नहीं। सीएसके प्लेऑफ में पहुँचने की दौड़ में बनी हुई है, जिसने अपने पहले 10 मैचों में से 5 जीते हैं। मथीशा पथिराना आईपीएल 2024 में 6 मैचों में 13 विकेट लेकर उनके दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उनसे आगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफि जुर रहमान हैं, जिन्होंने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे।



### यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल 2024

## तेजस्विन शंकर ने जीता पुरुषों की हाई जंप का खिताब

एजेंसी

**एरिजोना :** भारतीय हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर ने शनिवार को एरिजोना के टक्सन में आयोजित यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की हाई जंप का खिताब हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, शंकर ने 2.23 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ खिताब जीता। दिलचस्प बात यह है कि शीर्ष तीन जंपर्स ने 2.23 मीटर का आंकड़ा दर्ज किया, जिसमें यूएसए के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। तेजस्विन का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय स्तर का रिकॉर्ड भी है जिसे उन्होंने 2018 में हासिल किया था। यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में सिल्वर लेवल मीट है। इन इवेंट्स में प्रदर्शन करने से एथलीटों को इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले ओलंपिक रैंकिंग पॉइंट्स हासिल करने में मदद मिलती है। केवल 32 एथलीट, जिनमें से प्रत्येक देश के लिए अधिकतम तीन एथलीट हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। वे क्वालिफिकेशन अवधि के भीतर प्रवेश मानक हासिल करके या अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर कोटा अर्जित कर सकते हैं। अब तक, नौ एथलीट 2.33 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक को हासिल करके पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुके हैं।




## झांसी का लाल सौरभ आनन्द यूरोप दौरे पर दिखायेगा हॉकी का कमाल

एजेंसी

**झांसी :** यूरोपीय दौरे के लिए हॉकी इंडिया की जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा होते ही नगर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहार दौड़ गई, क्योंकि झांसी के लाडले सौरभ आनंद को भारतीय टीम में जगह जो मिली है। सौरभ ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से बातचीत करते हुए कहा कि दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना शानदार होगा। यह दौरा एक शानदार अनुभव होगा और यह मूल्यांकन करने में बहुत मददगार होगा कि हम एक टीम और व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में कहां खड़े हैं। यह हमारी ताकत का पता लगाने और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इसका पता लगाने का एक शानदार तरीका होगा। भारतीय टीम में चयन पर सौरभ ने कहा कि माता पिता, झांसी के सभी हॉकी प्रेमियों और शुभचिन्तकों के आशिर्वाद का ही परिणाम है कि आज फिर यूरोपीय दौर के लिए टीम इंडिया का हिस्सा बन पाया। फोरवर्ड लाइन में सौरभ इससे पूर्व जूनियर विश्व कप और एशिया कप में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उन्होंने कहा कि टीम के कोच जनार्दन जर्निलिस्ट और मो. इंतिखाब आलम सर के द्वारा बनाई रणनीति के आधार पर ही इस दौरे के मैचों में हम सब बेहतर प्रदर्शन करेंगे।




# भारत 04 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा अभियान की शुरुआत

**महिला टी20 विश्व कप 2024**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप 2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। भारत महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान 4 अक्टूबर को सिलहट में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा। भारत का बहुप्रतीक्षित मैच 6 अक्टूबर को सिलहट में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। इसके बाद भारत 9 अक्टूबर को क्वालीफायर 1 से भिड़ेगा और अपने अंतिम ग्रुप मैच में 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारत ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, क्वालीफायर 1 और ऑस्ट्रेलिया के साथ है। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी के हवाले से कहा, मैं इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने की संभावना से रोमांचित हूं। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट और विशेष रूप से महिला विश्व कप का विकास अविश्वसनीय रहा है। मुझे यकीन है कि यह आयोजन दुनिया का मनोरंजन करने के लिए प्रतिस्पर्धी और उच्च ऊर्जा वाले क्रिकेट के साथ अलग नहीं होगा। ग्रुप बी में मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालीफायर 2 शामिल हैं। 2024 महिला टी20 विश्व कप 3 से 20 अक्टूबर को बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा, 2014 के बाद यह दूसरी बार है जब यह टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। दस टीमें 18 दिनों में दो स्थानों ढाका में शेरे बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 मैच खेलेंगी। 2023 विश्व कप उपविजेता दक्षिण अफ्रीका टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में इंग्लैंड से खेलेगा। इसके बाद मेजबान बांग्लादेश ढाका में शाम के मैच में क्वालीफायर 2 का सामना करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो कि गत विजेता है और इस आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम है, अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को सिलहट में क्वालीफायर 1 के खिलाफ करेगी। ग्रुप ए और ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 17 अक्टूबर को सिलहट में और 18 अक्टूबर को ढाका में होने वाला है। टी-20 विश्व कप 2024 का खिताबी मुकाबला 20 अक्टूबर को ढाका के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच खेले जाएंगे, जो सभी ढाका के बीकेएसपी में होंगे। मेगा इवेंट के लिए क्वालीफायर 1 और 2 यूएई के अबू धाबी में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर से निकलेंगे, जिसका फाइनल 7 मई को खेला जाएगा। श्रीलंका, यूएई, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच क्वालीफायर में सेमीफाइनल मैचों के विजेता महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अंतिम स्थान प्राप्त करेंगे। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, ह्हम नौवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए कार्यक्रम की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। बांग्लादेश में आईसीसी विश्व कप का आयोजन होना बहुत अच्छा होगा, एक ऐसा देश जिसके इतने बड़े और उत्साही प्रशंसक हैं जो आईसीसी इवेंट का सीधे आनंद ले सकेंगे।






इगा स्वीटेक ट्राफी और बेलारुव की आर्यनकाक सबालेंका उपविजेता ट्रॉफी के साथ नजर आयीं।

## एक झलक

### अमेजन इंडिया का ग्रेट समर सेल शुरू

**रांची :** अमेजन इंडिया 02 मई से शुरू होने जा रही अपनी मच अवेटेड अमेजॅन ग्रेट समर सेल के साथ वापस आ गया है। यहां आपको शानदार डील्स और ऑफर्स मिलेंगे। कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% इंस्टेंट बैंक छूट के अलावा ढेर सारे अफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं। इस साल, कस्टमर्स को कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप, ब्रांड और लोकल नेबरहुड स्टोर्स के साथ स्मार्टफोन, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन एंड ब्यूटी एसेंशियल्स, होम एंड किचन, बड़े एप्लायसेंस, टीवी एवं अन्य कैटेगरी में विक्रेताओं के लाखों प्रोडक्टस पर बेहतरीन डील्स मिलेगी। कस्टमर्स वनप्लस, शियोमी, सैमसंग, एमआई, टीसीएल, पैम्पर, टाटा, एलजी, एचपी और लैक्मे जैसे ब्रांड के शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ खरीदारी और बचत करके इस गर्मी को मजेदार और यादगार बना सकते हैं।


### टेलीविजन से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री करेगा सैमसंग

**रांची :** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई टेलीविजन के अपने 2024 लाइनअप के लॉन्च के साथ भारत में अपने टेलीविजन कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। विश्लेषकों के मुताबिक, भारत में अब तक किसी भी टेलीविजन ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। रिसर्च एजेंसी ओमडिया के मुताबिक सैमसंग भारत की नंबर 1 टीवी बनाने वाली कंपनी है। सैमसंग ने नए क्यू एलईडी 8के, 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 रेंज लॉन्च की है जिनकी कीमत 139990 रुपये से शुरू होती है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि एआई-पावर्ड 8के नियो क्यूइएलईडीस, 4के नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की नई रेंज के लॉन्च के साथ, हमें इस साल भारत में अपने रेवेन्यू और मार्केट लीडरशिप को बढ़ाने का पूरी उम्मीद है। 2024 में हमने भारत में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य तय किया है।

### एयर इंडिया में अब ले जा सकेंगे 15 किलो तक का सामान

**मुंबई (ईएमएस) :** विमानन कंपनी एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराये वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किलोग्राम से घटा कर 15 किलोग्राम कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने पिछले अगस्त में पेश मूल्य निर्धारण मॉडल में बदलाव किया है। एयरलाइन ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं- कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग-अलग मूल्य पर अलग-अलग सुविधाएं प्रदान करते हैं।

# छह कम्पनियों का मार्केट कैप 68,417 करोड़ घटा



**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 68,417.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते सप्ताह जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,341.56 करोड़ रुपये घटकर 19,40,738.40 करोड़ रुपये पर आ गया। एलआईसी की बाजार हैसियत 5,724.13 करोड़ रुपये घटकर 6,19,217.27 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 5,686.69 करोड़ रुपये घटकर 5,87,949.62 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी के मूल्यांकन में 4,619.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,44,645.97 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 1,409.76 करोड़ रुपये घटकर 5,20,551.94 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के विपरीत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 26,907.71 करोड़ रुपये बढ़कर 7,42,126.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 24,651.55 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 8,02,401.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 9,587.93 करोड़ रुपये बढ़ कर 13,89,110.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 6,761.25 करोड़ रुपये बढ़कर 11,53,704.84 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलआईसी, इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई (ईएमएस) :** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सप्ताह के आखिरी दिन भारी मुनाफावसूली के दबाव में आया घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह मामूली बढ़त पर रहा और इस सप्ताह उसकी दिशा कंपनियों के चौथी तिमाही के परिणामों, वैश्विक रुझान और वृहद आर्थिक आंकड़े शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा बाजार विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, रुपये-डॉलर के रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों से भी संकेत लेगा। बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू स्तर पर कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों से शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिलेंगी। हीरो मोटोकॉर्प, लार्सन एंड टुब्रो, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), भारतीय स्टेट बैंक, आयशर मोटर्स और टाटा मोटर्स जैसी कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों से भी शेयर बाजार की गतिविधियां प्रभावित होंगी। मार्च के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े शुक्रवार को आने हैं। सोमवार को बाजार अमेरिका के रोजगार के आंकड़ों तथा डीमार्ट और कोटक बैंक जैसी कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने कहा कि आगे चलकर तिमाही नतीजों का सीजन निवेशकों द्वारा अपने पोर्टफोलियो को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाजार की नजर बैंक ऑफ इंग्लैंड की नीतिगत समीक्षा और यूरो क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों पर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि ऊंचे मूल्यांकन और चुनाव से जुड़े घटनाक्रम की वजह से बाजार में कुछ गिरावट आ सकती है।

## आईडीबीआई बैंक ने लाभ में 55 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की

**रांची :** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। बैंक का शुद्ध लाभ 55% साल-दर-साल बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 5,634 करोड़ पर पहुंच गया और वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 12% की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि के साथ 1,628 करोड़ हो गया। बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 9,592 करोड़ रहा। एनआईएम 4.93% दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय साल-दर-साल 12% की वृद्धि के साथ 3,688 करोड़ रही। 2024 की चौथी तिमाही में जमा की लागत 4.48% थी, जो 2023 की चौथी तिमाही में 3.71% थी। सीआरएआर 182 बीपीएस की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 22.26% रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 2024 की चौथी तिमाही के लिए 39 बीपीएस से 1.82% दर्ज किया गया, जो 2023 की चौथी तिमाही के लिए 1.43% था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 19.50% रहा (साल-दर-साल 335 बीपीएस की वृद्धि के साथ)। शुद्ध एनपीए घट कर 0.34% हो गए, जो 31 मार्च, 2023 को 0.92% थे। सकल एनपीए घट कर 4.53% हो गए, जो 31 मार्च, 2023 को 6.38% थे। पीसीआर 99.09% रहा, जो 31 मार्च, 2023 को 97.94% था।

### टीबीओ टेक का आईपीओ 08 मई को खुलेगा

**मुंबई (ईएमएस) :** यात्रा सेवा प्रदाता टीबीओ टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में 8 मई को खुलेगा। एंकर निवेशक 7 मई को आईपीओ को सब्सक्राइब कर सकेंगे। कंपनी आईपीओ के जरिए 1,550 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। टीबीओ टेक का आईपीओ 08 मई से 10 मई तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 875 रुपये से 920 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। टीबीओ टेक आईपीओ का लॉट साइज 16 शेयरों का है। आईपीओ में भाग लेने के लिए खुदरा निवेशकों को न्यूनतम 14,720 रुपये निवेश करना होगा। एनआईआई के लिए न्यूनतम लॉट साइज निवेश 14 लॉट है, कुल 206,080 और बीएनआईआई के लिए, यह 68 लॉट है, कुल 1,000,960 है।

# कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में एक सप्ताह में भारी गिरावट




**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** कोटक महिंद्रा बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बाद इसके शेयरों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। 25 अप्रैल को कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 10 फीसदी से ज्यादा गिर गए। इस वजह से महज एक दिन में बैंक का बाजार पूंजीकरण 40,000 करोड़ रुपये घट गया। बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक वित्तीय प्रभाव की तुलना में हमारी प्रतिष्ठा पर पड़ने प्रभाव को लेकर अधिक चिंतित है। इस पूरे प्रकरण के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों की जोरदार पिटाई हुई। महज एक सप्ताह में बैंक के शेयर 13 फीसदी से ज्यादा गिर गए हैं। इससे बैंक ने बाजार में अपना मार्केट शेयर खोया है। कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई का बैंक की फ्रेंचाइजी और प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ा। हमारे क्रेडिट कार्ड और 811 बिजनेस पर असर पड़ेगा। कोटक महिंद्रा बैंक ने 4 मई को तिमाही नतीजे पेश करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। दरअसल 24 अप्रैल को आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने कोटक बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी मना कर दिया था। दरअसल आरबीआई ने पिछले दो वर्षों में बैंक की आईटी सिस्टम में कमियां पाई, लेकिन बैंक रिजर्व बैंक की इन चिंताओं को दूर करने में लगातार विफल रहा है। इसके बाद आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

# एफपीआई ने मई में अब तक शेयरों में 1,156 करोड़ का किया निवेश

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों में सिर्फ 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं मार्च में एफपीआई ने शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार मई में पहले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है और ऋण या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में आम चुनाव पूरे जोरों पर हैं। विदेशी निवेशकों ने चुनाव नतीजे आने तक 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में नौकरियों के ताजा आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती का संकेत देते हैं। वेतन बढ़ोतरी चार प्रतिशत से कम है, जो श्रम बाजार की कमजोरी का संकेत हैं। शेयर बाजार की दृष्टि से आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने मई के पहले दो कारोबारी सत्रों में ऋण या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले विदेशी निवेशकों ने मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने की घोषणा से यह निवेश आया था। कुल मिलाकर 2024 में अब तक शेयरों में एफपीआई ने 3,378 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बॉन्ड बाजार में उनका निवेश 43,182 करोड़ रुपये रहा है।

### गो फैशन चालू वित्त वर्ष में 120 से 150 नया स्टोर खोलेगी

**चेन्नई (ईएमएस) :** गो फैशन (इंडिया) लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 120-150 नये स्टोर खोलने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गो फैशन के पास महिलाओं के लोकप्रिय ब्रांड गो कलर्स का स्वामित्व है। अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में कुल 94 स्टोर जोड़े, जिससे हमारे कुल स्टोर की संख्या संख्या 714 हो गई है। गो फैशन विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है। वह स्टोर के अलावा उपभोक्ताओं को ऑनलाइन खरीदारी का अनुभव भी उपलब्ध करा रही है। इस बीच शहर स्थित इस कंपनी ने जनवरी-मार्च, 2024 की तिमाही में 13.1 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 14.8 करोड़ रुपये रहा था। बीते पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का मुनाफा 82.8 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है।

# बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन के भाव रहे तेज



**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम भाव पर बिकवाली से बचने की वजह बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के भाव मजबूत बंद हुए। विदेशी बाजारों में दाम टूटने के कारण बाकी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार ने कहा कि विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले के 930-935 डॉलर प्रति टन से घटकर 910-915 डॉलर प्रति टन रह गया है, जो पिछले कई साल का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट का असर यहां अधिकांश तेल-तिलहनों पर हुआ और उनके दाम कमजोर हो गये। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 90 रुपये के सुधार के साथ 5,350-5,390 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 50 रुपये बढ़कर 10,125 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,730-1,830 रुपये और 1,730-1,845 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव भी क्रमशः 100-100 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,850-4,870 रुपये प्रति क्विंटल और 4,650-4,690 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।लेकिन इसके उलट सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 275 रुपये, 200 रुपये और 255 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 9,750 रुपये और 9,525 रुपये और 8,120 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही। मूंगफली तिलहन का दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,050-6,325 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 200 रुपये और 35 रुपये की हानि के साथ क्रमशः 14,525 रुपये क्विंटल और 2,200-2,465 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 175 रुपये की गिरावट के साथ 8,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये की गिरावट के साथ 9,750 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 8,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## पेज एक के शेष

**शाही परिवारों से ही सीएम पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी...**

जाता है कि उन्होंने कुप्रथा तोड़ दी। ऐसे ही भविष्य में मेरे बारे में कहा जायेगा कि एक चायवाले ने शाही परिवारों से ही सीएम-पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी थी। अब कोई भी सीएम-पीएम बन सकता है।

तीन लोकसभा क्षेत्रों; यथा इटावा, कन्नौज और मैनपुरी के लिए आयोजित इस जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण के दौरान इस पूरे क्षेत्र को भावनात्मक रूप से जोड़ते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि 2019 में संसद में उन्होंने कहा था कि भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने जा रही है। मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनका वह आशीर्वाद लग गया। इस चुनाव में वह नहीं हैं, लेकिन उनके भाई हमारी सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि विपक्ष के लोग केवल झूठ बोल रहे हैं। कोरोना काल में भी इन लोगों ने झूठ फैलाया। वैक्सीन के बारे में भ्रम फैलाये। खुद चोरी-चुपके वैक्सीन लगवाये और गरीबों को लगवाने से मना कर रहे थे। यह लोग अब संविधान के बारे में भ्रम फैला रहे हैं। सपा, कांग्रेस समेत सारी कम्पनी एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुस्लिमों को दे रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल कर दिया। अगर यूपी में ऐसा हुआ, तो यादव, मौर्य कुशवाहा बंधुओं का क्या होगा। ये लोग केवल अपना भला करते हैं। याद रखिए, इन्हें अपने परिवार के बाहर का कोई भी यादव नहीं मिला। भाजपा में कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है। मध्य प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री मोहन यादव बने हैं।

पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। शहजादे ने तो कोट के ऊपर ही जनेऊ पहन लिया था। आज वह जनेऊ गायब है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। इन्हें भी निमंत्रण गया, लेकिन इन लोगों ने निमंत्रण ठुकरा दिया। मैं कृष्ण द्वारा बनायी गयी द्वारिका में समुद्र के नीचे गया और मोर पंखी भेंट की। अब कांग्रेस को यह अच्छा नहीं लगा। मै यादवों से पूछता हूं कि कांग्रेसी ऐसा करें, तो करें, लेकिन यदुवंशी शहजादे की आरती क्यों उतार रहे हैं। आप आरती उतारें, मोदी तो श्रीकृष्ण की आरती उतारेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने गुण्डाराज पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा राज में खाली प्लॉट पर अपना झण्डा गाड़ दिया करते थे। सीएम योगी ने पूरा उप्र बदल कर रख दिया है। कन्नौज का इत्र आज दुनिया में पहुंच रहा है। जी-20 में आये दुनियाभर के लोगों को कन्नौज का इत्र ही भेंट किया था।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि दो चरण सम्पन्न हो चुके हैं। तीसरे चरण में सात और चौथे चरण में 13 मई को जनता जनार्दन भारत के भविष्य के लिए चुनाव करना है। एक तरफ देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करनेवाले हैं, दूसरी ओर देश की सुरक्षा और समृद्धि करनेवाला मोदी का परिवार है। आज एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इटावा की यह वही भूमि है, जहां से लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पायेगा। पहले यहां बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। माफिया का बोलबाला था। आज यहां एक्सप्रेस-वे बन रहा है। क्षेत्र का विकास हो रहा है। जनता जनार्दन का समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का यहां आगमन हुआ है। इस दौरान योगी ने इटावा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, मैनपुरी से जयवीर सिंह, कन्नौज से सुब्रत पाठक को जिताने की अपील की।

**जर्मनी के सहयोग से भारत में बनायी जायेंगी छह आधुनिक स्वदेशी पनडुब्बियां...**

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ साझेदारी कर रही है। यह प्रक्रिया इस साल मार्च में शुरू हुई थी, जब नौसेना की एक टीम ने जर्मन एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली देखने के लिए जर्मनी का दौरा किया था।

भारतीय रक्षा पीएसयू मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और जर्मनी के थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स ने जून, 2023 में परियोजना 75 आई की निविदा में भाग लेने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये थे। एमओयू के अनुसार थाइसेनक्रुप इंजीनियरिंग और डिजाइन की पेशकश करेगा और मुंबई स्थित एमडीएल में छह पनडुब्बियों का निर्माण होगा। एमडीएल इस टेंडर में प्रमुख भागीदार है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है।

दरअसल, भारत में बनने वाली पनडुब्बियों में एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम (एआईपी) की खासियत होगी, जो उन्हें लम्बे समय तक पानी के नीचे रहने की क्षमता प्रदान करेगी। जर्मन पनडुब्बियों का निर्माण करना एमडीएल के लिए कोई नयी बात नहीं है। इससे पहले भी भारत ने चार पनडुब्बियों के लिए जर्मन एचडीडब्ल्यू से अनुबंध किया था, जिसमें से दो का निर्माण एमडीएल ने ही किया गया था।

थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सीईओ और थिसेनक्रुप के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य ओलिवर बर्कहार्ड ने कहा कि हमें इस पर बहुत गर्व है और भविष्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान जारी रखने में खुशी होगी। हम भारत के साथ एक भरोसेमंद और दशक भर की साझेदारी की ओर देखते हैं। 1980 के दशक में हमने जो नावें बनायी थीं, वे आज भी सेवा में हैं।

**पीएम मोदी ने रामलला के दर्शन किये, अयोध्या में मेगा रोड शो...**

गई। इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी और जयश्री राम के नारे लगाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राम मंदिर पहुंचने से पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। सीएम योगी ने राम लला के दर्शन और पूजन किए और पीएम मोदी के आगमन को लेकर पूरी व्यवस्था का जायजा लिया।

**अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा झारखंड सरकार को कब मिला : चम्पाई...**

अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केन्द्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होनेवाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलिंडर की कीमत 400 रुपये से बढ़ कर 1100 रुपये हो गयी। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल-मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गये हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।

**विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं भारतीय चुनाव व चुनाव आयोग के प्रयास : राजीव कुमार...**

तौर पर काम करना होता है। नागरिकों को स्वेच्छा से मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करना और उसके बाद व्यवस्थित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना होता है।

आयोजन से इतर आयोग ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्तों और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी की। इससे पहले, दिन में प्रतिनिधियों को ईवीएम-वीवीपैट, आईटी पहल, मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका सहित भारतीय आम चुनाव 2024 के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गयी।

**दो अलग-अलग स्थानों से 16 बांग्लादेशी गिरफ्तार...**

पश्चिम बंगाल के हकीमपुर भारत-बांग्लादेश सीमा से बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए थे।

फिर वे काम की तलाश में बेंगलुरु चले गये। वर्षों तक बेंगलुरु में रहने के बाद वे बांग्लादेश लौटने के लिए 30 अप्रैल को बेंगलुरु से ट्रेन से पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्टेशन पहुंचे। 02 मई को वे ट्रेन से सियालदह एक्सप्रेस से त्रिपुरा के लिए निकले। शुक्रवार को अंबासा रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद वे दलालों की मदद से दो ऑटो में देर रात गंडाछारा पहुंचे। उन्होंने गंडाछारा के मास कुंभीरपारा में एक घर में रात बिताई। शनिवार को उन्होंने गंडाछारा से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर बांग्लादेश जाने की योजना बनाई थी लेकिन इसी बीच उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार बांग्लादेशियों की पहचान मामून सरदार (29), रूमा बेगम (25), अफसाना अख्तर (22), एमडी राजीब हल्दर (20), महाराज शेख (25), चान मिया (36), फैजल एकॉन (18) तथा फिरदौस शेख (30) के रूप में हुई है। इनके अलावा इनमें तीन बच्चे शामिल हैं।

धलाई जिले में ही एक अन्य अभियान चलाकर धलाई पुलिस और रेलवे पुलिस ने अंबासा रेलवे स्टेशन से दो बच्चों सहित पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। वे बांग्लादेश के बरिशाल जिले से आकर काम की तलाश में पश्चिम बंगाल जा रहे थे।

**अभी अमेठी छोड़ी है, वायनाड भी छोड़ेंगे राहुल गांधी : मुख्यमंत्री धामी...**

के बिरुआवाडी मन्दिर से शुरू होकर,पथिक चौक, मढ़ई चौक, हकवाई चौक, सुभाष चौक,रजी चौक, कश्मीरी चौक, इंद्रा चौक, भामाशाह चौक होते हुए बदायूं क्लब पहुंचेगा। रोड शो के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था भी रही। हालांकि, रोड शो की वजह से लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा।

## एक झलक

### ब्राजील में बारिश से अबतक 56 की मौत

**साओ पाउलो** : ब्राजील में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इसमें मरने वालों की तादाद भी बढ़ रही है। देश के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में अब तक 56 लोगों की मौ हुई है जबकि जबकि 67 लापता हुए हैं। वहीं अब तक 32,900 लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। रियो में इस कारण बिजली भी नहीं है। एक सप्ताह से हो रही तेज बारिश ने अब तक 281 नगर पालिकाओं को नुकसान हुआ है। नदियाँ खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। यहां तक कि राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे भी डूब रही है। रियो के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा, आने वाले दिनों में लापता लोगों की संख्या बदल सकती है क्योंकि हम घटनास्थल पर पहुंचेंगे और अन्य लापता हुए लोगों का पता लगाएंगे। वहीं ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा भी बचाव अभियान को देख रहे हैं।

### फिर 1971 वाले रास्ते पर चल रहा पाक : इमरान

**इस्लामाबाद** : जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने भारत और अफगानिस्तान से लगी सीमाओं पर पाकिस्तान में हालात खराब होने की चेतावनी दी है। मिली खबरों के मुताबिक इमरान खान ने कहा है कि पाकिस्तान उसी रास्ते पर चल रहा है, जिस पर वह 1971 में चला था। जब उसने अपना पूर्वी इलाका खो दिया था जो अब बांग्लादेश है। रावलपिंडी की जेल से इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान आतंकवाद और बलूचिस्तान में अलगाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही पाकिस्तान के अंदर हत्याएं करने की बात कबूल कर चुका है और पाकिस्तान की सीमाओं पर अफगानिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा अस्थिरता बनी हुई है।

### जहां भक्तों का धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष पांच दिन में सध जाये, उस उज्जैयनी में पंचक्रोशी यात्रा

# आस्था और श्रद्धा का दिखा अद्भुत संगम

एजेंसी

**उज्जैन** : भगवान महाकाल की नगरी उज्जैयनी में पांच दिवसीय पंचक्रोशी यात्रा के चार दिन समाप्त हो चुके हैं। आस्था और श्रद्धा की यह यात्रा सात मई को समाप्त होगी। मासों में वैशाख मास का कुछ अलग ही महत्व है। पंचक्रोशी यात्रा में श्रद्धालु हजारों की संख्या में सिर पर गठरी रखें ओम नमः शिवाय और ओम्‍ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हुए अपनी यात्रा की पूर्णता देने के लिए लगातार चल रहे हैं। दरअसल, कहा भी गया है 'न माधवसमोमासोन कृतेनयुगंसम्‌। न चवेद समंशास्त्रन तीर्थम्गंगयासमम्।।' स्कंदपुराण में आए इस कथन का तात्पर्य है; वैशाख के समान कोई मास नहीं, सतयुग के समान कोई युग नहीं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं, गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं। भगवान विष्णु को अत्याधिक प्रिय होने के कारण ही वैशाख उनके नाम माधव से जाना जाता है। जिस प्रकार सूर्य के उदित होने पर अंधकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार वैशाख में श्रीहरि की उपासना से ज्ञानोदय होने पर पर अज्ञान का नाश होता है और इसी अज्ञानता के नाश के लिए भक्त हर वर्ष वैशाख मास में बड़ी संख्या में पंचक्रोशी यात्रा पर निकल पड़ते हैं। इस संबंध में आचार्य भरत दुबे ने बताया कि सनातन हिन्दू धर्म की परंपरा में वैशाख मास का महत्व कार्तिक और माघ माह के समान ही बतलाया गया है। 12 मासों की वर्ष भर की श्रंखला में यह तीन महिने दान, पुण्य, देव स्थान, धार्मिक यात्रा के लिए अत्यधिक शुभ बताए गए हैं। जिसमें कि वैशाख मास में जल दान, कुंभ दान का विशेष महत्व है। वैशाख मास स्नान का महत्व स्कंदपुराण के अवंती खंड में मिलता है, जो लोग पूरे वैशाख स्नान का लाभ नहीं ले पाते हैं, वे अंतिम पांच दिन में पूरे मास का पुण्य अर्जित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वैशाख मास एक पर्व के समान है, इसके महत्व के चलते कुंभ भी इसी मास से आरंभ होता है। इसलिए वैशाख मास और इसमें होनेवाली पंचक्रोशी यात्रा का महत्व विशेष है। भारत में दो स्थान हैं जहां यह पंचक्रोशी यात्रा सम्पन्न होती है, दोनों की अपनी कथाएं एवं उसका महत्व है। उज्जैन के अलावा काशी में भी पंचक्रोशी यात्रा की परंपरा है। सभी ज्ञात-अज्ञात देवताओं की प्रदक्षिणा का पुण्य इस पवित्र मास में मिलता है। काशी में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिवजी के भक्त पंचक्रोशी यात्रा करते हैं। पंचक्रोशी यात्रा 76 किलोमीटर में फैली है। यहां श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पास ज्ञानवापी कूप से श्रद्धालु जल अपनी संजोली में लेकर इस यात्रा को शुरू करने का संकल्प लेते हैं। यह यात्रा मणिकर्णिका घाट से शुरू होती है और इसका समापन भी यहीं होता है। आचार्य भरत चंद दुबे ने बताया कि इसी तरह से स्कंदपुराण के अनुसार अनन्तकाल तक काशीवास की अपेक्षा वैशाख मास में मात्र पांच दिवस अवन्तिवास का पुण्यफल अधिक है। वैशाख कृष्ण दशमी पर उज्जैन में शिप्रा स्नान कर पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मन्दिर में पूजन के पश्चात पंचक्रोशी यात्रा आरम्भ होती है।





## चारधाम यात्रा : धामों के कपाट खुलने के दिन हेलीकॉप्टर से की जायेगी पुष्प वर्षा

**देहरादून** : धामी सरकार 10 मई से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष की चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए हैं। धामों के कपाट खुलने के दिन हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' के 300 सेवादारों की टीम को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय,देहरादून में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 10 मई से हमारी चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जो हमारे लिये उत्सव का वातावरण तैयार करती है।

- धामी बोले : चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां 10 मई तक हर हाल में पूरी हों, यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनायें
- मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलनेवाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना



# भारत के भविष्य के लिए करें वोट : इन्द्रेश कुमार

एजेंसी

**लखनऊ** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि शहाबुद्दीन, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और अब्बास हमारे आदर्श नहीं हो सकते। रसखान, रहीम, कबीर, डा.एपीजे अब्दुल कलाम, मोहम्मद करीम छागला और वीर अब्दुल हमीद हमारे आदर्श हैं। इसलिए दंगामुक्त हिन्दुस्तान के लिए और देश के भविष्य के लिए जाति एवं मजहब से ऊपर उठकर वोट करें। इन्द्रेश कुमार लखनऊ में अंतरराष्ट्र बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित सर्व धर्म समभाव संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक सद्भाव लखनऊ विभाग की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्त हो, तिब्बत स्वतंत्र हो, पीओके हमारा हो, भारत अखण्ड हो इसके लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ चीन बढ़ा तो हमने मुंहतोड़ जवाब दिया, पाकिस्तान ने हरकत की तो सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक कर उसका जवाब दिया गया। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। यह सब प्रभावी नेतृत्व की सरकार के कारण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि भारत निःस्वार्थ संस्कृति का देश है। हमारी यात्रा परमार्थ की है। इसलिए हम विश्वगुरु कहलाये।



## गुजरात की 05 लोकसभा सीटों पर विभिन्न समीकरणों से रोमांचक मुकाबले के आसार

एजेंसी

**अहमदाबाद** : लोकसभा चुनाव 2024 के तहत गुजरात में 7 मई को 25 सीटों के लिए मतदान किया जाएगा। एक सीट सूरत लोकसभा पर भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर चुकी है। राज्य में चुनावी प्रचार के साथ ही केन्द्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के बयान ने क्षत्रिय समाज को नाराज कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य भर में क्षत्रिय संगठित होने लगें। चुनाव मध्य में इस आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह समेत कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की ताबड़तोड़ सभाएं ने माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गुजरात में पिछले 2 लोकसभा चुनावाओं में भाजपा ने सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज कर इस बार हैट्रिक बनाने की पुरजोर तैयारी की है। इससे पहले वर्ष 2022 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत कुल 182 सीटों में से 156 सीट लाकर दर्ज की थी। बाद में कांग्रेस के 4, निर्दलीय 1 और आम आदमी पार्टी के एक विधायक ने इस्तीफा दे दिया। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही 5 विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव हो रहा है।




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

PR: 324421 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें



NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

झारखण्ड सरकार
104 चिकित्सा सलाह
24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें